रांची, रविवार 09.06.2024 | * * नगर संस्करण । पेज : 12 | जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 325

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

टी20 विश्व कप 2024





## टी-20 वर्ल्डकप न्यूयॉर्क में आज टॉस होगा बॉस

# भारत-पाक महामुकाबला

**मैच स्थानीय समयानुसार दिन में खेला जायेगा, लेकिन भारत में रात 8 बजे से शुरू होगा**

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** टी20 विश्व कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला खेला जायेगा। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मैच को लेकर दोनों टीमें भिड़ने को तैयार हैं।

**भारत का रिकार्ड शानदार :** भारत का टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड है। दोनों टीमें 2007 से लेकर अब तक इस टूनार्मेंट में सात बार भिड़ी हैं। छह बार भारत और एक बार पाकिस्तान जीता है।

**चेजिंग की जीत की उम्मीद 71% :** नसाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच पर अबतक कुल तीन मैच खेले हुए हैं। दो बार चेजिंग टीम और एक बार पहले बैटिंग करने वाली टीम जीती है। वैसे भी भारत-पाक के मैच में दूसरी बैटिंग वाली टीम का ही पलड़ा भारी रहा है। सेकेंड बैटिंग करने वाली टीम ने 71% मैच जीते हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि कल न्यूयॉर्क में होने वाले विश्व कप 2024 के महामुकाबले का विजेता टॉस का सिक्का ही तय करेगा।

**टीम इंडिया**

विराट कोहली, रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

**पाकिस्तान**

बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), उस्मान खान/सैम अयूब, फखर जमां, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, इमाद वसीम, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ।

---

## न्यूज डायरी

### चांद नजर आया, बकरीद अब 17 को : इमारते शरीया

**रांची।** दारूल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मो अनवर कासमी ने कहा कि जीकादा 1445 हिजरी की 29 तारीख और शुक्रवार 7 जून को जिल्हीज्जा महीने का चांद देश के विभिन्न स्थानों पर आम तौर पर नजर आया है। ऐसे में शनिवार को जिल्हीज्जा महीने की पहली तारीख है और सोमवार 17 जून को जिल्हीज्जा महीने की दसवीं तारीख यानी ईदुल अजहा (बकरीद) है। उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारूल कजा इमारत शरीया फुलवारीशरीफ पटना का है।

### कल से खुलेगा हाइकोर्ट, हेमंत की याचिका पर होगी सुनवाई

**रांची।** ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार से झारखंड हाई कोर्ट की कार्यवाही पूर्व निर्धारित रूप से चलेगी। सभी बेंच में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं 10 जून को ही जमीन घोटाले मामले में आरोपित पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मामले में अब तक इडी का जवाब नहीं आया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। यह सुनवाई ह न्यायमूर्ति आर मुखोपाध्याय की बेंच में शाम चार बजे होगी।

### रेत पर पीएम मोदी की कलाकृति बना दी बधाई

**बलिया।** लोकसभा चुनाव में मिले भारी बहुमत के बाद देश में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने जा रही है। रेत कलाकार रूपेश सिंह ने रेत पर कलाकृति बनाकर पीएम मोदी को अनोखे अंदाज में शुभकामना दी है। सैंड आर्टिस्ट रूपेश ने अपने गांव खरौनी में सफेद बालू पर मोदी की छवि उकेर कर वेलकम कम बैक मोदी सरकार 3.0 लिखा है।

### चैनपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर।** शाहपुर के रहने वाले लकी कुमार (18) की बंदुवा खोहरी में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। युवक का सिर का हिस्सा प्लास्टिक में बंद पाया गया। मौके से रस्सी भी मिली है। युवक का सिर का हिस्सा चोटिल था और काफी रक्त भी बहा हुआ नजर आया। आंख के उपर गोली निशान मिले हैं।




---

## राष्ट्रपति आज दिलायेंगी मोदी कैबिनेट 3.0 के सदस्यों को शपथ

# नयी कैबिनेट में दिखेगी अनुभव और नवीनता



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रविवार 9 जून को नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू मोदी मंत्रिपरिशद के अन्य सदस्यों को भी शपथ दिलायेंगी। नये मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। शपथ ग्रहण से पहले शनिवार को कैबिनेट में मंत्रालयों को लेकर एनडीए की बैठक में मत्रियों के नामों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। मोदी कैबिनेट 3. 0 में अनुभव और नवीनता का समिश्रण होगा। कई प्रमुख पुराने चेहरे अपने मंत्रालय में बने रहेंगे, तो वहीं सहयोगी दलों से 20 नये चेहरे भी मंत्रिपरिषद में आ सकते हैं।

**डीटीपी को तीन, जदयू को दो स्थान संभव :** रिपोर्टों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक टीडीपी को मंत्रिमंडल में तीन एवं जदयू को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिख सकती है। भाजपा के नये चेहरों में एमपी, केरल, ओडिशा, आंध्र, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। शनिवार को एनडीए की बैठक में मोटामोटी नये मंत्रियों की सूची तैयार हो गयी है। कैबिनेट में जगह पाने वाले चार टीडीपी नेताओं में से तीन राम मोहन नायडू, हरीश बालयोगी और डग्गुमल्ला प्रसाद हैं। वहीं नीतीश कुमार की पार्टी ने दो नेताओं ललन सिंह और राम नाथ ठाकुर के नाम प्रस्तावित किये हैं। राम नाथ ठाकुर राज्यसभा सांसद हैं। वह भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### सहयोगी दलों से 20 नये चेहरे संभव

पीएम मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 से अधिक नये चेहरे नवीनता का तत्व लायेंगे, वहीं महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ा रहे होंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे। उनके साथ संसद में एनडीए के घटक दलों के 20 से अधिक सदस्य भी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

### झारखंड के लोको पायलट तिर्की समारोह में भाग लेंगे

शपथ ग्रहण समारोह में रांची रेल डिविजन के लोको पायलट एएसपी तिर्की भी शामिल होंगे। रांची-हावड़ा व रांची-बनारस वंदे भारत ट्रेन के लोको पायलट श्री तिर्की समारोह में भाग लेने रांची से दिल्ली पहुंच गये हैं। देश भर से 10 लोको पायलट को पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। एएसपी तिर्की ने कहा कि शपथ ग्रहण में शामिल होने के निमंत्रण से उन्हें बहुत खुशी है। यह उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। इसके लिए वह डीआरएम सहित रेलवे के वरीय अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। श्री तिर्की ने बताया कि वह कुसई, घाघरा में रहते हैं। उन्हें बेस्ट रेलवे वर्कर का पुरस्कार भी मिला है। उन्होंने वर्ष 1990 में रेलवे में योगदान दिया था। वंदा भारत और राजधानी चलाने का भी अनुभव है।

---

# सोनिया सर्वसम्मति से फिर चुनी गयीं सीपीपी अध्यक्ष

## राहुल को नेता प्रतिपक्ष बनाने का प्रस्ताव पास, मांगा समय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति(सीडब्लूसी) की बैठक में शनिवार को प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। सीडब्ल्यूसी ने राहुल गांधी से अनुरोध किया है कि वह विपक्ष का नेता की जिम्मेदारी संभालें। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें इसके लिए सोच-विचार करने का समय चाहिए। इसके बाद संसद के सेंट्रल हॉल में कांग्रेस के सांसदों की बैठक हुई, जिसमें सोनिया गांधी को फिर से कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) का सर्वसम्मति से दुवारा अध्यक्ष चुना गया। यह पद दस साल से खाली था। संसदीय दल की नव निर्वाचित सांसदों तथा राज्यसभा सदस्यों की बैठक में उन्हें निर्विरोध संसदीय दल का नेता चुना गया है।

(शेष पेज 11 पर)



### कांग्रेस का पुनरुद्धार : सोनिया

पार्टी संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का इस चुनाव में पुनरुद्धार हुआ है। इसके साथ ही हमारे सामने चुनौतियां भी उतनी ही बढ़ गयी हैं। उनका कहना था कि पार्टी ने लोकतंत्र की रक्षा की है और उसके लिए लड़ते रही है इसलिए अब उसकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी का नैतिक बल बड़ा है। देश की जनता से सीधा संपर्क हुआ है जिसका बड़ा लाभ उसे इस आम चुनाव में मिला है। उनका कहना था कि पार्टी को खत्म करने का पूरा प्रयास हुआ। यहां तक कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से भी कमजोर करने का काम हुआ लेकिन कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निडर होकर इसका मुकाबला किया। खुशी का परिणाम है कि पार्टी आज फिर मजबूती के साथ खड़ी हुई है।

---

## जेल में हेमंत से मिले सीएम, कई मुद्दों पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शनिवार को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि चंपई सोरेन लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए हेमंत सोरेन से मिले। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने हेमंत को लोकसभा चुनाव की प्रतिक्रियाओं के बारे में बताया। सीएम और हेमंत सोरेन ने झामुमो के रूख पर भी चर्चा की। करीब 40 मिनट तक जेल में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक



परिस्थिति और सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक मुलाकात के दौरान जेल में बंद आलमगीर आलम के मंत्री पद को लेकर भी बातचीत हुई है। इसके अलावे संगठनात्मक कार्यों को लेकर भी दोनों नेताओं में मंत्रणा हुई है। इससे पहले 31 मई की सुबह भी सीएम ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी।

**11 सीएम करेंगे कई विभागों की समीक्षा :** मुख्यमंत्री 11 जून को सुबह प्रोजेक्ट में बैठक कर कई विभागों की समीक्षा करेंगे। बैठक के प्रथम पाली में विधि व्यवस्था, वारंटों की तामील, अपराध नियंत्रण, वन एवं भू-राजस्व से संबंधित मामले की समीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में सीएम ग्रामीण विकास विभाग के अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के साथ-साथ मनरेगा योजना की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा सीएम चंपाई अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

---


# रामोजी ग्रुप के संस्थापक रामोजी राव नहीं रहे

## देश की मीडिया में क्रांति के जनक थे राव : मोदी, मीडिया-मनोरंजन ने एक दिग्गज खो दिया

### साधारण परिवार में जन्मे रामोजी की असाधारण उपलब्धियां

**एजेंसी**

हैदराबाद। रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव का शनिवार सुबह निधन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके कार्यालय पर ले जाया गया, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उनको अंतिम श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत दिग्गजों ने उनके निधन पर दुख जताया है। सभी का कहना है कि साधारण परिवार में जन्मे रामोजी राव ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं। उनका निधन पूरे देश की क्षति है। मोदी ने रामोजी राव को देश की मीडिया में क्रांति लाने का श्रेय देते हुए उनके निधन पर दुःख व्यक्त किया है। रामोजी राव को इस महीने की 5 तारीख को बिगड़ती सेहत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार सुबह 4:50 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। तेलंगाना सरकार ने राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार करने का फैसला किया है। रामोजी राव



सबसे ज्यादा प्रसारित होने वाले तेलुगु डेली 'ईनाडु', 'ईटीवी' चैनल ग्रुप और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक थे। उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। रामोजी राव का जन्म 16 नवंबर 1936 को आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में हुआ था। उन्होंने 10 अगस्त 1974 को विशाखापत्तनम से तेलुगु डेली ईनाडु की शुरूआत की। थोड़े ही समय में यह एक प्रमुख अखबार बन गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामोजी राव को देश की मीडिया में क्रांति लाने का श्रेय दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उनका निधन अत्यंत दुःखद है। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी। उनके समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अपने प्रयासों से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार तथा उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित किये। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे मिलने और उनसे बात करने के कई अवसर मिले। इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। ऊं शांति। राष्ट्रपति ने रामोजी राव के निधन पर, कहा 'रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के एक दिग्गज को खो दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

---

## 10 तक लू का अलर्ट, 11 से प्री मॉनसून बारिश संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लू से जूझ रहे झारखंड के कई जिलों में थोड़ी देर में मौसम बदलने वाला है। राजधानी रांची, गुमला और खूंटी समेत करीब आधा दर्जन जिले में गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है। कहीं-कहीं वज्रपात भी हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से दोनों जिलों के लिए अलग-अलग चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग के अुनार 10 तक लू का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 11 जून से शुरू हो सकती है प्री मॉनसून बारिश का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने वेदर वार्निंग यानी मौसम चेतावनी जारी की है। इसमें कहा है कि रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां जिलों में मौसम बदल रहा है। हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है. कुछ जगहों पर वज्रपात होने की भी संभावना है।

राजधानी रांची स्थित मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि गरज के साथ बारिश एवं वज्रपात होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी। उन्होंने कहा है कि इस दौरान लोगों को सावधान एवं सचेत रहने की जरूरत है। खराब मौसम में कोशिश करें कि घर से बाहर न निकलें।

# चंपई सरकार के लिए अगले सात दिन बेहद महत्वपूर्ण: निशिकांत दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने एक बार फिर झारखंड का सियासी पारा बढ़ा दिया है। शनिवार को ट्वीट कर उन्होंने कहा कि चंपाई दा होशियार, कल्पना भाभी आ गयी हैं। झारखंड की वर्तमान सरकार के लिए आने वाला सात दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाला है। निशिकांत के इस ट्वीट के बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है। इससे पहले भी उन्होंने ट्वीट कर कई भविष्यवाणियां की है। अब, एक बार फिर निशिकांत दुबे का कहना है कि वह जो भी कहे हैं। वह सब सच हुआ है। उन्होंने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल जाने की बात कही थी। वह सच साबित हुई है।

बताते चलें कि 18वीं लोकसभा में निशिकांत दुबे ने गोड्डा लोकसभा से चौथी बार सांसद का चुनाव जीता है।


झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र० सं० | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अंशु मोदी (वाहन स्वामी), पिता – अशोक मोदी, साकिन – डोमचाँच, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 05/19 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-16G-8419 | डीबरा | 25.02.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | सिकन्दर साव, पिता – रामदेव साव, साकिन – जामू, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा। | 12/19 | महिन्द्रा पिकअप भैन | JH-12F-6048 | लकड़ी | 06.06.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 3 | प्रदीप यादव (वाहन स्वामी), पिता – इन्द्रदेव यादव, साकिन – मधुवन, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 54/20 | टाटा 709 ट्रक | बिना नम्बर का | डीबरा | 27.11.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 4 | मनोज कुमार राणा, पिता – प्रसादी राणा, साकिन – बिरजामू, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 02/20 (misc) | – | - | लकड़ी | 01.10.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | अजय शंकर (वाहन चालक), पिता – स्व0 देवचन्द्र राम, साकिन – पैसरा, थाना – पचंबा, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 02 | 41/21 | महिन्द्रा सवारी गाड़ी | JH-11D-7684 | डीबरा | 31.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 6 | कमलेश्वर यादव, पिता – दासो यादव, साकिन – ढाब, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 04/22 | टाटा 407 ट्रक | बिना नम्बर का | डीबरा | 04.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 7 | राजू गोस्वामी, पिता – अंतु गोस्वामी, साकिन – बसावरिया, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 05/22 | साईकिल 4 पीस | - | लकड़ी | 17.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 8 | मो0 शहजाद, पिता – मो0 अजाद, साकिन – तेलोडीह, थाना – पचंबा, जिला – गिरिडीह | 06/22 | ब्लू रंग का 407 ट्रक | अस्पष्ट | डीबरा | 30.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 9 | प्रदीप यादव, पिता – मुंशी महतो, साकिन – कोलगरमा, थाना – कोडरमा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 07/22 | (1) लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर (2) हीरो होण्डा मोटर साईकिल पैशन प्रो | (1) बिना नं0 का (2) JH-12D-7285 | लकड़ी | 31.01.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 10 | वेदनारायण मेहता उर्फ लोटृी (जे0सी0बी0 स्वामी), पिता – भीष्मसेन मेहता, ग्राम – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 06 | 09/22 | (1) जे0सी0बी0 मशीन (2) दो शक्तिमान ट्रक (3) होण्डा साईन मोटर साईकिल | (1) बिना नं0 का (2) बिना नं0 का (3) JH-12G-3072 | डीबरा | 13.02.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 11 | नीतीश कुमार, पिता – ललित कुमार मेहता उर्फ लालजीत मेहता, साकिन – लंगरापीपर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 11/22 | 10 चक्का ट्रक | JH-12B-2865 | डीबरा | 19.02.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 12 | शिवजी मेहता, पिता – छोटी मेहता, साकिन – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 12/22 | पिकअप | अस्पष्ट | लकड़ी | 21.02.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 13 | रंजीत मिश्रा, पिता – भोला मिश्रा, साकिन – ढाब, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 15/22 | पिकअप वैन | बिना नम्बर का | डीबरा | 24.02.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 14 | अजमत अंसारी, पिता – मोजीम अंसारी, साकिन – कुम्हारटोली, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा। | 24/22 | हीरो ग्लेमर मोटर साईकिल | बिना नम्बर का | लकड़ी | 29.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 15 | प्रिंस कुमार सिंह, पिता – बिजय सिंह, साकिन – गमहरवाद, थाना – जयनगर, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 26/22 | पिकअप भैन | JH-15G-8937 | लकड़ी | 04.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 16 | जितेन्द्र कुमार मेहता, पिता – कृष्ण कुमार मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 33/22 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | डीबरा | 11.04.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 17 | आशीष कुमार मेहता, पिता – महरू मेहता, साकिन – भेलवाटाँड़, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 34/22 | बजाज एक्स0सी0डी0 मोटर साईकिल | JH-09L-9041 | लकड़ी | 17.04.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 18 | उमेश मेहता, पिता – बैजनाथ मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 35/22 | हीरो होण्डा सी0डी0 डिलक्स मोटर साईकिल | JH-12D-4057 | लकड़ी | 24.04.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 19 | बबलू सिंह, पिता – स्व0 जालेश्वर सिंह, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 19/22 | Yamaha Crux | JH-12B-0410 | लकड़ी | 10.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | राजकुमार साव, पिता – गाजो साव, साकिन – घरवरियावर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 18/22 | हीरो स्प्लेण्डर प्लस | JH-12K-3451 | शिकर सुअर | 04.03.22 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 21 | नन्हुक मियां, पिता – सलीम मियां, साकिन – चरकीपहरी, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 54/22 | महिन्द्रा कमाण्डर जीप | BRM-3490 | डीबरा | 23.09.22 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 22 | महेश यादव, पिता – बबनी यादव, साकिन – मधुबन, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 01/23 | लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर | बिना नं0 का | डीबरा | 20.10.22 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 23 | दिवाकर सिंह, पिता – स्व0 प्रदीप सिंह, साकिन – लरियाडीह, थाना – कोडरमा, जिला – कोडरमा | 03/23 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रोली सहित | बिना नं0 का | पत्थर | 20.10.22 | सुजीत कुमार सोनी, प्रभारी वनपाल |
| 24 | विजय साव, पिता – मकसुदन साव, साकिन + पो0 – इंदरवा, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 10/23 | 1. लाल रंग का टेम्पू 2. ब्लू रंग का डाला वाला टेम्पू | 1. JH-10S-7203 2. बिना नं0 का | डीबरा | 28.12.22 | सुजीत कुमार सोनी, प्रभारी वनपाल |
| 25 | पंकज मेहता, पिता – स्व0 गुलाम मेहता, ग्राम – फुलवरिया, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा | 18/23 | मोटर साईकिल होण्डा साईन | JH-12D-7829 | डीबरा | 24.02.23 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 26 | रंजीत कुमार मेहता, पिता – गणेश मेहता, ग्राम – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 19/23 | एक मोटर साईकिल | JH-12J-5485 | लकड़ी | 25.02.23 | राजेश कुमार शर्मा, प्रभारी वनपाल |
| 27 | बिरबल यादव, पिता – धनेश्वर यादव, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा | 21/23 | एक पिकअप | JH-10N-6599 | डीबरा | 09.04.23 | राजेश कुमार शर्मा, प्रभारी वनपाल |
| 28 | अब्बास मियां, पिता – मिरवन मियां, साकिन – घोड़थम्बा, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह | 22/23 | बोलेरो कैम्पर | WB-25C-9099 | लकड़ी | 24.03.23 | पीयूष प्रभाकर, प्रभारी वनपाल |
| 29 | भोला कुमार मेहता, पिता – सदानंद मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 24/23 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | डीबरा | 13.04.23 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |
| 30 | सीताराम पंडित, पिता – नारो पंडित, साकिन – कुम्हर टोली, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा | 27/23 | एक सफेद रंग का पिकअप भान | अस्पष्ट | लकड़ी | 29.03.23 | पीयूष प्रभाकर, प्रभारी वनपाल |
| 31 | कृष्ण लाल मेहता, पिता – स्व0 झरी मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा | 47/23 | महिन्द्र कमाण्डर | JH-12B-4775 | डीबरा | 19.07.23 | ललन किशोर, प्रभारी वनपाल |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अन्तर्ग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 14.06.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 14.06.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल।

PR 325568 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)


## करीब 21.8 लाख मिलियन टन कोयले का उत्पादन और होगी निकासी

# सीसीएल की पिपराडीह कोलियरी जल्द खुलेगी, उत्पादन का रोड मैप भी तैयार

कथारा क्षेत्र में सबसे ज्यादा और उच्च कोटि का कोयला उत्पादन करने वाली पिपराडीह ओसीपी कोलियारी होगी





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बोकारो जिले के गोमिया का ओसीपी पिपराडीह कोलियरी जल्द खुलेगी। इसके खुलने से स्वांग पिपराडीह क्षेत्र गुलजार हो जायेगा। इस संबंध में गोबिन्दपुर फेज टू के परियोजना पदाधिकारी अनिल तिवारी ने मीडिया को बताया कि पिपराडीह कोलियारी खुलने के बहुत करीब है। इसके लिए सभी जरूरी अर्हताएं पूरी कर ली गई हैं। सड़क, साइडिंग सहित अन्य सभी कार्य पूरे हो चुके हैं या होने वाले हैं।

श्री तिवारी ने कहा है कि इसी वित्त वर्ष में कार्य प्रारंभ होने वाले हैं। करीब 21.8 लाख मिलियन टन कोयले का उत्पादन और निकासी किया जायेगा। लगभग 93 मिलियन टन क्यूबिक मीटर ओबी भी निकाला जायेगा। प्रथम वर्ष 6 लाख टन कोयले की निकासी होगी। दूसरे वर्ष 12 लाख टन उत्पादन किया जायेगा। उसके बाद निर्धारित लक्ष्य प्रति वर्ष 21 लाख टन उत्पादन होगा। इसमें वाशरी 111, वाशरी 4 और वाशरी टू कोयले का उत्पाद होगा। उक्त परियोजना में लगभग 11 सिम हैं, जो काफी बेहतर गुणवत्ता के हैं।

परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि कथारा क्षेत्र में सबसे ज्यादा और उच्च कोटि का कोयला उत्पादन करने वाली पिपराडीह ओसीपी कोलियारी होगा।

परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि कोलियारी आउट सोर्सिंग के जरिए उत्पादन कर रेल रैक लोडिंग, वाशरी धुलाई के लिए और रोड सेल के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। श्री तिवारी ने कहा है कि पिपराडीह ओसीपी क्षेत्र में खुशहाली लेकर आयेगा। गोबिंदपुर मोंटिको नाला डायवर्सन परियोजना पूर्ण होने पर उक्त स्थान से भी 20 मिलियन टन कोयला का उत्पादन गोबिंदपुर फेज टू प्रबंधन करेगा, जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। सरकार को राजस्व का लाभ होगा।

इस संबंध में लोकल सेल संघर्ष मोर्चा के कृष्णा निषाद ने कहा कि क्षेत्र में नई परियोजना के आने से खुशी है। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय मिश्रा, कोषाध्यक्ष संधीर सिंह ने कहा कि परियोजना पदाधिकारी के अब तक के कार्यकाल में बहुत ही बेहतर उत्पादन और परियोजना विस्तार पर कार्य हुआ है।

# चंपई सोरेन जैसा रीढ़विहीन सीएम नहीं देखा : बाबूलाल

## ग्रामीण विकास मंत्री को बर्खास्त नहीं करने पर भड़के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सीएम चंपई सोरेन पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया एक्स में लिखा है कि झारखंड ने चंपाई सोरेन जैसा रीढ़ विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा। आलमगीर आलम के भ्रष्टाचार उजागर होने के बावजूद चंपई सोरेन उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सूचना के मुताबिक कठपुतली मुख्यमंत्री ने आलमगीर आलम के दायित्व वाले विभाग वापस लिये हैं, लेकिन मंत्री पद से नहीं हटाया है।

**पिछला चार साल युवाओं के लिए रहा भारी :** बीते 4 साल झारखंड की जनता विशेषकर युवाओं के लिए भारी रहे हैं। झारखंड के युवा नौकरी की आस में टकटकी लगाए बैठे रहे, लेकिन हेमंत सोरेन ने स्थानीय युवाओं को नियोजन नीति, 60:40, बाहरी-भीतरी और पेपर लीक जैसे मुद्दों में उलझा कर नौकरियों की सौदेबाजी का प्रयास किया। हेमंत के जेल जाने के बाद जनता को आस थी कि चंपाई सोरेन नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएंगे, भ्रष्टाचार रोकेंगे। अपराध नियंत्रण करेंगे, लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत।

**आखिर युवा किस हद तक संघर्ष करे :** बाबूलाल ने आगे लिखा है कि नगर विकास विभाग में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों ने मेहनत से परीक्षा उत्तीर्ण की। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मार्च में नियुक्ति पत्र देते समय अपने पोस्टर थमा कर खूब वाहवाही भी बटोरी। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले 3 महीने से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक पदस्थापना नहीं मिली है। परीक्षा हुई तो नियुक्ति नहीं नियुक्ति हुई। नियुक्ति हुई तो पदस्थापना नहीं। आखिर युवा किस हद तक संघर्ष करे?

## अब तक स्वीकार नहीं हुआ सीता सोरेन का इस्तीफा

**रांची।** दुमका लोकसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ीं सीता सोरेन ने करीब ढाई माह पहले अपनी बेटी के ई-मेल आईडी से झारखंड विधानसभा के स्पीकर को इस्तीफा सौंपा था लेकिन स्पीकर ने अब तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। जानकारी के अनुसार, स्पीकर ने सीता को नियम के अनुसार इस्तीफा देने को कहा है। नियम के अनुसार, सीता सोरेन को खुद या फिर अपने विशेष दूत के माध्यम से त्यागपत्र भेजना होगा। बताते चलें कि सीता सोरेन झामुमो से तीन बार विधायक रही हैं।

## 10 जून को पुलिस महानिदेशक अपराध पर करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह 10 जून को विधि व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे। आचार संहिता हटने के बाद पहली बार सभी जिलों के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ बैठक आयोजित की गयी है। सभी जिलों के एसपी को एजेंडा बिंदुओं के संदर्भ में पूरी तैयारी के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में विधि व्यवस्था, वारंट की स्थिति, जांच की स्थिति, अपराध नियंत्रण, पॉक्सो एक्ट के मामले, सर्टिफिकेट केस, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ, योजनाओं के कार्यान्वयन में विधि-व्यवस्था की समस्या, वन और भू राजस्व से संबंधित मामले, जेएसएससी और जेपीएससी परीक्षा के आयोजन में विधि व्यवस्था शामिल है।

## मंत्री बसंत सोरेन करेंगे सड़क-सिंचाई योजनाओं की समीक्षा, तैयारी शुरू

**रांची।** भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन अगले सप्ताह से अपने विभाग की योजनाओं की मैराथन समीक्षा करेंगे। विभागीय मंत्री के आदेश पर पथ निर्माण विभाग, जलसंसाधन विभाग व भवन निर्माण विभाग इसकी तैयारी कर रहा है। सिंचाई व सड़क योजनाओं पर मंत्री का अधिक फोकस होगा। बजट के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने के मकसद से विभागीय मंत्री की ओर से यह समीक्षा बैठक की जा रही है, जिसमें सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारी व इंजीनियरों को शामिल किया जायेगा। मंत्री नयी योजनाओं की भी स्वीकृति प्रदान करेंगे, ताकि उसे कैबिनेट की बैठक में रखा जा सके। मंत्री की समीक्षा होने की संभावना को देखते हुए पथ निर्माण, जलसंसाधन विभाग ने अपने मातहत अधिकारी व इंजीनियरों से प्रगति रिपोर्ट तैयार करने को कहा है।

# सीमेंट, फर्नीचर समेत अन्य उद्योग स्थापित करने का काम होगा शुरू

## रामगढ़, चतरा और खूंटी में बनेगा अतिरिक्त औद्योगिक केंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में आने वाले दिनों में कई तरह के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाये जायेंगे। झारखंड इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से इस पर काम किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता हटने के बाद उद्योग विभाग के दिशा-निर्देश पर जियाडा इस पर कार्यरत है। इसके तहत ये यूनिट पतरातू, कोकर, तुपुदाना, बरही औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किये जायेंगे।

इन प्रोजेक्ट्स में मुख्यतः सीमेंट प्लांट, होटल एण्ड रेस्तरां, फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग, हैंडीक्राफ्ट टेंपल, हेवी एंड लाइट व्हिकल बॉडी बिल्डिंग, वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टीक, फैब्रिकेशन वर्क्स, प्लास्टिक वाटर टैंक, पेट्रोल पंप, वॉल पुट्टी एंड रस्टिक मैनुफैक्चिरिंग के उद्योग स्थापित होंगे। जियाडा की ओर से अब इन प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन आवंटित की जायेगी। इसके लिए औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर सहमति बनायी जायेगी।

**तीन जिलों में औद्योगिक क्षेत्र :** जियाडा की ओर से राजधानी रांची के साथ ही अन्य तीन जिलों में अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धता पर काम शुरू कर दिया गया है। इसमें रामगढ़ के गोला क्षेत्र, चतरा और खूंटी में अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धता के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी गयी है। सभी जिलों में 100 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र आवंटित करने के योजना है। उसमें 5 से 20 हजार स्कवॉयर फीट तक के भूखंड छोटे छोटे उद्योगों को आवंटित करने की भी योजना बनायी जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी को दी शुभकामनाएं



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिंहभूम लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी ने शनिवार को बूटी रोड के मोरहाबादी स्थित आवास में मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिंहभूम लोकसभा सीट से मिली शानदार जीत पर जोबा मांझी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं, जोबा मांझी ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुवा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे।

## झोला में चंपई सरकार का टैग लाइन सिलसिला जारी रहेगा अंकित

# अब, झारखंड के गरीबों को सीएम चंपाई की तस्वीर वाला झोला में मिलेगा राशन

### विभिन्न जिलों को भेजे गये 66 लाख झोला

सुधीर

**रांची।** झारखंड में सभी श्रेणियों के कार्डधारियों को मासिक राशन अब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर और राज्य सरकार का लोगो लगे झोला में दिया जायेगा। इसके लिए राज्य के सभी जिलों को 66 लाख से अधिक सरकारी झोला भेजा गया है। झोले पर छपा है चंपाई सोरेन का टैग लाइन- **सिलसिला जारी रहेगा**। राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग के द्वारा तैयार किये गये झोला में चंपाई सरकार का टैग लाइन सिलसिला जारी रहेगा अंकित है।

बताते चलें कि राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बनाये गये पीएच श्रेणी के 52,17,620 राशन कार्ड और अंत्योदय श्रेणी के 8,92,455 राशन कार्डधारियों के अलावा झारखंड सरकार खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बनाये गये 5,12,536 ग्रीन राशन कार्डधारियों को इसी माह से उक्त झोला में ही राशन देने का आदेश दिया गया है।

### कार्डधारियों को मुफ्त मिलेगा झोला

गरीब कार्डधारियों को हर माह राशन घर ले जाने के लिए कार्डधारियों को झोला पीडीएस डीलर के यहां से मुफ्त मिलेगी। सरकारी झोला के एक ओर सफेद रंग और दूसरी ओर हरे रंग का बैकग्राउंड है, जिसपर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का फोटो, राज्य सरकार का लोगो और सरकार की नीतियों को प्रमुखता से अंकित किया गया है।

### नीतियों का प्रचार करना चाहती है सरकार

झोला प्रखंडों और निकायों में भेजकर पीडीएस डीलर के माध्यम से कार्डधारियों को मुफ्त दिया जायेगा। संभवतः इस झोले के माध्यम से राज्य सरकार अपनी नीतियों व योजनाओं प्रचार करना चाहती है। झोलर में सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना का भी जिक्र किया गया है। झामुमो की सरकार ने 2020 में दोबारो इस योजना को लागू किया था।

### झोले के सबसे ऊपर छपा है 1932 का खतियान

इस झोले पर 1932 का खतियान सबसे ऊपर, ओबीसी को 27 फीसदी, एसटी को 28 व एससी को 12 फीसदी आरक्षण, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी, महिला सशक्तीकरण, मेगा लिफ्ट सिंचाई, किसान पाठशाला, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण, पुरानी पेंशन, मरांग गोमके, केसीसी परदेशी छात्रावास, बिरसा हरित ग्राम कृषि ऋण माफी, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्री फुले किशारी स्मृद्धि, सरना आदिवासी धर्मकोड, सोना-सोबरन धोती-साड़ी, अबुआ वीर आबुआ दिशोम, 100 यूनिट मुफ्त बिजली, साइकिल वितरण, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, जेपीएससी नियुक्तियां, जेएसएससी नियुक्तियां, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, बिरसा सिंचाई कूप, मुख्यमंत्री पशुधन हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद योजना की जानकारी है।

# झारखंड में 15 से 20 जून तक मॉनसून देगा दस्तक, अभी कुछ दिन गर्मी और सतायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के लोगों को आने वाले सप्ताह तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। आने वाले दो तीन दिनों तक रात के समय न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की जायेगी, जबकि दिन के समय अधिकांश जिलों का तापमान 39 डिग्री तक रहने की संभावना है। हालांकि पलामू का तापमान शनिवार सुबह 44 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी रांची का तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

बीते रात की बात करें तो अधिकांश जिलों का तापमान 39 से 40 डिग्री रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री के बीच रहा। जिससे लोगों को रात के समय में भी काफी गर्मी का एहसास हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में आने वाले सप्ताह तक मॉनसून नहीं आने वाला है। राज्य में 15 से 20 जून के बीच मॉनसून दस्तक देगा। वहीं प्री मॉनसून बारिश 11 से 13 जून तक होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल अच्छी वर्षा की उम्मीद है क्योंकि इस बार मॉनसून के समय से राज्य में दस्तक की उम्मीद है।

## नगर विकास सचिव ने पौधरोपण कर किया पखवाड़ा की शुरूआत

### ट्रांसपोर्ट नगर के 19000 वर्गमीटर क्षेत्र में हरियाली लाने के लिए लगाये जायेंगे पौधे

राज्य के शहरी क्षेत्रों में पखवाड़े के तहत10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास सचिव चंद्रशेखर का वृक्षों से लगाव का प्रतिफल है कि वर्तमान मानसून में राज्य के शहरी इलाकों में 10 हजार पौधे लगाये जायेंगे। इसके लिए सचिव ने सभी नगर निकायों एवं जुडको को पौधरोपण पखवाड़ा शुरू करने का निर्देश दिया है। सचिव ने इस पखवाड़ा की शुरूआत सुकरहुटू में निमार्णाधीन ट्रांसपोर्ट नगर में पौध रोपण कर किया। सचिव ने इस अवसर पर कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर सुकरहुटू जैसे निर्जन क्षेत्र को हराभरा करके शहर का स्वांस तंत्र बनाया जायेगा। इस क्रम में ट्रांसपोर्ट नगर के 19000 वर्गफीट में सिर्फ छायादार पौधे लगाने का निर्देश सचिव ने दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि सिर्फ पेड़ लगा कर अपना कर्तव्य पूरा न समझें बल्कि उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लें। सचिव के निर्देश पर शहर के विभिन्न खाली स्थानों पर पौधरोपण का काम चल रहा है।

ट्रांसपोर्ट नगर में बरगद और पीपल के पेड़ लगाये गये हैं, जिससे कि कुछ वर्षों बाद यह पेड़ लोगों को छाया प्रदान करने के साथ ही भूगर्भ जल स्तर बढ़ाने में भी सहायक हो जायेंगे। इस अवसर पर जुडको के पीडीटी गोपालजी, पीडीए अरविंद कुमार मिश्र, जीएम विनय कुमार, एजीएम अभिनेंद्र कुमार, पीएम शितांशु वैभव, आइटी अफसर प्रशांत दास, ऋजु श्रीवास्तव और देवेश कुमार ने भी पौधरोपण किया। इससे पूर्व रांची पेयजलापूर्ति योजना फेज 2 ए के तहत जलशोधन संयंत्र के परिसर में भी पौधरोपण किया गया ।

## जमा हथियार वापस ले जाने का आदेश जारी

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त लोस चुनाव संपन्न कराने के लिए लाइसेंसी हथियार धारकों से हथियार जमा कराया था। चुनाव संपन्न होने के बाद प्रशासन ने जमा हथियारों को वापस ले जाने का आदेश जारी किया है। बता दें कि रांची में लगभग 3417 लाइसेंसधारी हैं, जिनमें से लगभग 2288 लोगों ने अपने लाइसेंस जमा करवाये थे। वहीं 525 लाइसेंस धारकों को छूट दी गयी थी। बता दें कि लोकसभा चुनाव को कर 20 मार्च को रांची जिला प्रशासन लाइसेंस जमा करने का आदेश जारी किया था। जिसमें 30 मार्च तक हथियारों का सत्यापन किया जाना था। लाइसेंस जमा नहीं कराने वाले 396 लाइसेंसधारियों के लाइसेंस, जिला प्रशासन ने शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए रद्द कर दिये थे।

पीड़िता के बरियातू थाना जाने के बाद मामले का हुआ खुलासा

# कौन है सेक्स रैकेट की सरगना मनीषा राय, बरियातू पुलिस कर रही है तलाश

तीन बांग्लादेशी लड़कियों को ढूंढ़ने का प्रयास कर रही बरियातू थाने की पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में स्थित विदिशा होटल के मालिक और मैनेजर के इशारे पर सेक्स रैकेट चलता था। इस बात का खुलासा सेक्ट रैकेट में शामिल एक महिला ने किया है। पुलिस ने होटल के मालिक और मैनेजर पर केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है इस मामले में पुलिस तीन बांग्लादेशी लड़कियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि, बांगलादेश से कोलकाता छह युवतियां आई थीं। अन्य तीन युवतियों की तलाश बरियातू थाना की पुलिस कर रही है।

सेक्स रैकेट चलानेवाले महिला सरगना मनीषा राय कौन है, इस संबंध में बरियातू थाना पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि बांग्लादेश की एक लड़की को एक अपार्टमेंट में भेजा गया था। लड़की उस अपार्टमेंट से भाग कर एक बस में सवार हो गई थी। युवती ने बस चालक से कहा कि जो भी थाना आएगा उसे वहीं उतार दे, ताकि वह पुलिस के पास जा सके। बस चालक ने युवती को बरियातू थाना के गेट के पास उतार दिया था। युवती थानेदार के पास पहुंची और कहा कि वह बांग्लादेश में रहती है। गलत तरीके से वह रांची आयी है और उसे सेक्स रैकेट में शामिल करा दिया गया है। इसके बाद पुलिस उस अपार्टमेंट में पहुंची जहां से युवती आई थी, लेकिन उस अपार्टमेंट में कोई नहीं था। इसके बाद पुलिस ने एक होटल में छापेमारी कर दो और बांग्लादेशी लड़की को बरामद किया था। युवतियों से कहा गया था कि उन्हें ब्यूटी पार्लर में काम करना है, लेकिन उन्हें सेक्स रैकेट गिरोह में शामिल कर दिया गया। युवतियों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। उन्हें अकेले कहीं आने जाने दिया जा रहा था। उनकी पहचान भी बदल दी गई थी।

# रांची के निमार्णाधीन अपार्टमेंट के कैंपस में 30 वर्षीय सुरक्षाकर्मी का शव बरामद

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा मौत का खुलासा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र एक निमार्णाधीन अपार्टमेंट के कैंपस से 30 वर्षीय गार्ड पुरूषोत्तम तिवारी की संदेहास्द स्थिति में शव बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया में पुलिस ने बताया कि युवक की मौत छत से गिरकर हुई है। हालांकि, नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद का कहना कि गार्ड की मौत सबसे ऊपरी माले से गिरकर होने से हुई है। गार्ड के परिजन इसे संदेहास्पद बता रहे हैं, जबकि बिल्डर के द्वारा महज एक हादसा बताया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस कुछ बता सकती है।

**पलामू का रहने वाला था गार्ड :** झारखंड के पलामू जिला का रहनेवाला था। कुछ लोगों का कहना था कि पुरूषोत्तम का रात में वहां रह रहे अन्य लोगों के साथ विवाद भी हुआ था। वीएसएफ सिक्योरिटी कंपनी में नौकरी करने वाले पुरुषोत्तम तिवारी की मौत किन परिस्थितियों में हुई है नामकुम पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**छत पर सो रहा था गार्ड :** पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पुरुषोत्तम तिवारी शुक्रवार की रात निमार्णाधीन अपार्टमेंट के सबसे ऊपरी तले की छत पर सो रहा था। छत से गिरने की वजह से उसकी मौत हुई है।

## खबर एक नजर में

### लोक अदालत में 115 मामलों का निबटारा

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने शनिवार को मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का अयोजन किया। लोक अदालत में 115 मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें 4,87,45,000 रुपये का सेटलमेंट हुआ। निष्पादन के लिए 500 मामले रखे गए थे। लोक अदालत में पक्षकारों के बीच राशि का वितरण भी किया गया।

### सिल्ली अंचल से प्रमाण-पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं को लेकर जांच के आदेश

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं के संबंध में दैनिक अखबारों में प्रकाशित खबरों को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सिल्ली अंचल से प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं के संबंध प्रकाशित खबरों की जांच कर 24 घंटे के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश उप समाहर्ता, भूमि सुधार सदर रांची को दिया गया है।

### रामोजी राव के निधन पर राज्यपाल और सीएम ने जताया दुख, बताया अपूरणीय क्षति

**रांची।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्री और मीडिया की एक बड़ी हस्ती शनिवार को हमारे बीच नहीं रहे। रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी शोक जताया है। राज्यपाल ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। वहीं रामोजी राव के निधन पर झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने भी दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनके निधन को मीडिया और फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

### रामोजी राव के निधन पर कांग्रेस, झामुमो और भाजपा के नेताओं ने जताया शोक

**रांची।** रामोजी फिल्म सिटी और ईनाडु ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर झारखंड कांग्रेस की ओर से प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने रामोजी राव के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। रामोजी राव के निधन पर झारखंड कांग्रेस की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। झामुमो के मनोज पांडेय ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि देश-दुनिया की जनता उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद रखेगी। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सफलता की ऊंचाई पर जाने के बाद भी रामोजी बेहद ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।

### दस आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फर्जीवाड़ा मामले में जेएमएम नेता अंतू तिर्की के अलावा बिपिन सिंह, अफसर अली समेत 10 के खिलाफ ईडी की विशेष अदालत में पूरक आरोप पत्र दायर किया गया है। इससे पूर्व भी मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सहित 5 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। पूरक आरोप पत्र अंतू तिर्की, बिपिन सिंह, मोहम्मद इरसाद, प्रियरंजन सहाय, अफसर अली, सद्दाम हुसैन, इरशाद अख्तर, तापस घोष और संजीत कुमार के खिलाफ दाखिल किया गया है।

# जी+5 वाली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच शुरू, हाई कोर्ट को सौंपी जायेगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं की 6 सदस्यीय वाली कमेटी रांची की बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच कर रही है। अधिवक्ता की कमेटी दो- दो की टीम बनाकर इस जांच कर में जुटी है, हर एक टीम के साथ तकनीकी रूप से सहयोग के लिए रांची नगर निगम के एक अभियंता भी हैं। जरूरत पड़ने पर जिला प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। अधिवक्ताओं की यह टीम कांके रोड, बरियातू, लालपुर में मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग ( जी प्लस 5) में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सही रूप से कार्य कर रहा है या नहीं, इसकी जांच कर रही है। जांच के बाद अधिवक्ताओं की कमेटी के नेतृत्वकर्ता दो अधिवक्ताओं द्वारा जांच रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। दरअसल, रांची के जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर सुनवाई कर रही है।

**जांच के लिए 6 अधिवक्ताओं की बनी है कमेटी :** रांची शहर के मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग (जी प्लस 5) में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए हाईकोर्ट ने 6 अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है। इस कमेटी में अधिवक्ता कुमार हर्ष, तरुण कुमार महतो, राहुल आनंद, आसिफ खान, बजरंग कुमार एवं अभिजीत शामिल है। कमेटी औचक निरीक्षण कर रांची शहर के 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग चालू स्थिति में है या नहीं इसकी जांच कर रही है। मामले की सुनवाई 18 जून को होनी है।

**क्या बताया था रांची नगर निगम ने हाईकोर्ट को :** हाई कोर्ट में पूर्व की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि रांची के 710 बहुमंजिला इमारतों (जी प्लस 5) में से 648 बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि उन इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है वह मेंटेन होता है या नहीं।

# रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर में अप व डाउन रैंप के लिए अतिरिक्त जमीन की है जरूरत

एनएचएआई ने राज्य सरकार से किया जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण में अप और डाउन रैंप निर्माण के लिए अतिरिक्त जमीन की आवश्यकता पड़ गयी है। एनएचएआई ने कचहरी जाकिर हुसैन पार्क से रातू रोड होते हुए पिस्का मोड़ से आगे तक बन रहे इस कॉरिडोर निर्माण के लिए अप और डाउन रैंप निर्माण के लिए अतिरिक्त जमीन की आवश्यकता बताते हुए राज्य सरकार से अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण करने का अनुरोध किया है। लगभग 4.18 किमी तक बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर फ्लाईओवर का काम 60 फीसदी तक हो गया है। इसे जनवरी 2025 तक पूरा करने का टारगेट दिया गया है। 4.18 किमी में से एक किमी तक स्लैब भी लगा दिया गया है। एनएच 75 में बनाये जा रहे इस कॉरिडोर को 558 करोड़ की लागत आ रही है, जिसमें सिविल कॉस्ट 303 करोड़ है। शेष राशि जमीन अधिग्रहण, यूटिलिटि शिफ्टिंग में खर्च की गयी है। जानकारी के अनुसार एनएचएआई ने इसके कार्यों की समीक्षा की है। इसमें यह बात सामने आयी कि संवेदक कंपनी काम धीमी गति से कर रही है। वहीं, नाले का निर्माण में कंपनी एक बार में ही कराने की बात कर रहा है।

एनएचएआई संवेदक को निर्देश दिया है कि काम में तेजी लायें इसके साथ ही राज्य सरकार से अप व डाउन रैंप के लिए अतिरिक्त जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी भेजा है। वाहनों को कॉरिडोर में चढ़ने व उतरने के लिए जो जगह चाहिए वह अभी कम पड़ रहा है। ऐसे में एनएचएआई की सोच है कि अतिरिक्त जमीन उपलब्ध हो जाने आवागमन और भी सुलभ हो जायेगा।

प्रपत्र–VI

झारखण्ड सरकार समाहरणालय, कोडरमा

(भू–अर्जन शाखा)

या समुचितसरकार अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 धारा 19 (1) के अधीन)

संख्या :– 90/ दिनांक :– 10/04/ 2024

चूँकि समाहर्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता हैकि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा पंचखेरो जलाशय योजना अन्तर्गत डूबा क्षेत्र हेतु ग्राम– मरकच्चो, थाना– मरकच्चो, थाना संख्या–141, अंचल– कोडरमा, जिला–कोडरमा में कुल– 0.07 एकड़ यानि– 0.028340 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिघोषणा किया जाता हैकि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोबेश– 0.07 एकड़ यानि– 0.028340 हेक्टेयर मानक माप का है, और जो ग्राम– मरकच्चो, थाना–मरकच्चो, थाना सं०– 141, अंचल– कोडरमा, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र० सं० | खाता संख्या | सर्वेप्लाट संख्या | स्वामित्व काप्रकार | भूमिका प्रकार | अर्जन के अधीनक्षेत्रफल (ए०) | हितबद्ध व्यक्तिकानाम एवं पता | सीमा (भू–खण्ड संख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ० | द० | पू० | प० |
| 1 | 1657 | 36 | कायमी | टाँड | 0.07 | मो० अफजल शेख पिता– स्व० तबारक शेख निवासी निजग्राम। | 36 अंश | 15089 | रास्ता | 37 |

अधिघोशणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और (अधिनियमसंख्या–30/2013) की धारा– 15 में प्रदत यथा उपबन्धित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के मामले यहाँ नहीं है।

ग्राम– मरकच्चो, थाना– मरकच्चो, थाना संख्या– 141, अंचल–कोडरमा, जिला–कोडरमा में कुल– 0.07 एकड़ यानि– 0.028340 हेक्टेयर विशेश भू–अर्जन पदाधिकारी तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह०/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग।

ह०/– अपर समाहर्त्ता, कोडरमा

ह०/– उपायुक्त कोडरमा –सह– समुचितसरकार, झारखण्ड।

PR 325652 Water Resource(24-25)D

कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र में मत्स्य पालकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जो निम्नवत है–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या में)/जिनमें मछली पालन कर रहें हो | ईकाई लागत (रू0) में/फीड क्रय हेतु निर्धारित मात्रा | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0) में | लाभुक का अंशदान/क्रम सं0 02 एवं 03 के लिए अधिकतम विभागीय अनुदान की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली–सह–बत्तख पालन | 11 | 153350 (प्रति 0.4 हे0) | ST/SC/Women - 122680/- | 30670/- | |
| | | | | Gen- 107345/- | 46005/- | |
| 2 | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज/तालाब | 700 कि0ग्रा0 | 25/- | 17500/- | |
| 3 | 0mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम | 650 कि0ग्रा0 | 25/- | 16250/- | |
| | | बॉयोफ्लॉक टैंक (प्रति टैंक) | 100 कि0ग्रा0 | 25/- | 2500/- | |
| | | बॉयोफ्लॉक तालाब | 2000 कि0ग्रा0 | 25/- | 50000/- | |
| 4 | कोल पिटस में केज अधिष्ठापन | 2 | 358000/- | 322200/- | 35800/- | |
| 5 | केज रिमॉडलिंग | 20 | 182500/- | 164250/- | 18250/- | |

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 05.07.2024 है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

ह0/– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 325610 (Fish) 24-25 (D)

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, KODERMA

Sort e-Procurement Notice

Tender Reference No:- 01/BCD/EE/KODERMA/2024-25 Date:-08-06-2024

| Sl. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | REPAIR & RENOVATION OF 18 NOS. OF STAFF QUARTER AS PER IAF HEAD (SAINIK SCHOOL SOCIETY) AT SAINIK SCHOOL TILAIYA IN KODERMA DISTRICT. | 81,96,081.00 | 6 Month |
| 2. | REPAIR & RENOVATION OF 16 NOS. OF STAFF QUARTER AS PER IAF HEAD (SAINIK SCHOOL SOCIETY) AT SAINIK SCHOOL TILAIYA IN KODERMA DISTRICT. | 72,13,480.00 | 6 Month |
| 3. | CONSTRUCTION OF PROPOSED GIRL'S COMMON ROOM SAINIK SCHOOL, TILAIYA AT KODERMA | 50,25,737.00 | 8 Month |
| 4. | CONSTRUCTION OF PROPOSED EXAMINATION HALL AT SAINIK SCHOOL TILAIYA, KODERMA | 81,24,483.00 | 9 Month |
| 5. | REPAIR & RENOVATION OF A TYPE QUARTERS (BLOCK - 1 & 2) AT SAINIK SCHOOL, TILAIYA, KODERMA | 83,86,966.00 | 9 Month |
| 6. | REPAIR & RENOVATION OF B TYPE RESIDENTIAL QUARTERS (BLOCK - 1 & 2) AT SAINIK SCHOOL, TILAIYA, KODERMA | 60,52,967.00 | 8 Month |
| 7. | REPAIR & RENOVATION OF D TYPE QUARTERS (BLOCK-1 &2) AT SAINIK SCHOOL TILAIYA | 71,73,671.00 | 9 Month |
| i. | Date of Publication of Tender on website | 15.06.2024 at 10:00AM | |
| ii. | Last date/Time for receipt of bids | 01.07.2024 up to 3:00PM | |
| iii. | Date & Time of opening of tender | 02.07.2024 at 3:00PM | |
| iv. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma | |
| v | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 | |
| vi. | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 | |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR 325569 (Building) 24-25 (D)

# सीएम 11 जून को प्रोजेक्ट भवन में करेंगे समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रांची के प्रोजेक्ट भवन में 11 जून को सुबह 11 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक की प्रथम पाली में विधि व्यवस्था, वारंटों की तामील, अपराध नियंत्रण, वन एवं भू-राजस्व से संबंधित मामले, जो पुलिस गतिविधियों को प्रभावित करती है की समीक्षा की जायेगी। वहीं दूसरी पाली में सीएम ग्रामीण विकास विभाग के अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के साथ-साथ मनरेगा योजना की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा सीएम चंपाई अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

## इन विभागों के कार्यों की होनी है समीक्षा



सीएम चंपाई सोरेन 11 जून को पंचायती राज्य विभाग, अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, परिवहन विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों में भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले के साथ-साथ 25 करोड़ से अधिक राशि के निर्माण संबंधी योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखा गया है और योजनाओं की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट योजना विकास विभाग के माध्यम से मांगी गयी है।

## खुला रहा ग्रामीण विकास विभाग

**रांची।** मुख्यमंत्री द्वारा 11 जून को की जानेवाली समीक्षा बैठक को देखते हुए शनिवार को अवकाश के बावजूद विभाग खुला रहा। विभाग द्वारा समीक्षा बैठक में सीएम को परेशानी नहीं हो इसके लिए तीन स्लाइड में पीपीटी तैयार कराया जा रहा है, जिलों से योजनाओं की स्थिति पर रिपोर्ट ली गयी। ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मनरेगा, पीएम आवास योजना व बिरसा हरित ग्राम योजना की रिपोर्ट तैयार की गयी। पंचायती राज विभाग की पंचायत सचिवालय, 15वां वित्त आयोग से जुड़ी योजनाओं की भी रिपोर्ट बनायी गयी। लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा के साथ सबसे पहले ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा प्रोजेक्ट भवन सभागार में की जानी है।

**ये विभाग भी रेस :** सीएम की समीक्षा के लिए अधिकांश विभाग रेस हैं। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रववृति, छात्रवासों का निर्माण, आवासीय विद्यालय, साइकिल वितरण योजना, जाहेर धान, सरना, मसना, कब्रिस्तान निर्माण योजना, धुमकुड़िया, माझी धान का निर्माण की भी चर्चा होगी।

# रांची स्मार्ट सिटी में स्कूली बच्चों को कराया योगाभ्यास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राज्य के सभी नगर निकायों में पर्यावरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। यह पखवाड़ा 6 जून से शुरू है और 22 जून को समाप्त होगा। इस पखवाड़ा के तहत राज्यभर में कई कार्यक्रम चल रहे हैं और लोगों को परायवरण के प्रति जागरुक करनें के साथ साथ अधिक पौधारोपण,जल संचयन और मिप्ती के संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में आम लोग भी पर्यावरण फ्रेंडली हो इसके लिए स्वस्थ जीवन और योगाभ्यास को नित्त प्रतिदिन के जीवन शैली में शामिल करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में रांची स्मार्ट सिटी परिसर में तीन दिनों तक की सरकारी व निजी विद्यालयों के बच्चों को योगाभायास कराया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन भी बच्चों नें पतंगासन, शिशुपालनआसन, नाड़ी विभाजन, सूर्य शक्ति, शवासन, उड्डुयानाबंधा इत्यादि आसन की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ओम चैंटिंग के साथ साथ कई प्रकार के गेम भी खेलाया गया। बच्चों के बीच नमामि गंगे के माध्यम से हो रहे नदियों की साफ सफाई और संरक्षण की भी जानकारी दी गयी तथा इस पखवाड़े में राज्यभर के शहरों में हो रहे पौधारोपण कार्यक्रम की भी जानकारी दी गयी। वहीं इस कार्यक्रम में नगर विकास विभाग,स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए और उन्हें भी ईशा फाउंडेशन की ओर से योगा सिखाया गया।

## ऑनलाइन जुआ खेला कर बनाते थे लखपति, खुद बनते थे करोड़पति!

# ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले मास्टरमाइंड समेत आठ गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में ऑन लाइन जुआ खेला कर लोगों को लखपति और खुद करोड़पति बनने की चाह में आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड को भी धर दबोचा है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दीपक टंडन है, जो ऑनलाइन जुआ खेलाने का मास्टरमाइंड है। इसके अलावे अन्य गिरफ्तार लोगों में शुभम कुमार, विनय कुमार, नीरज कुमार रजवार, विकाश कुमार, सागर कुमार और आदित्य कुमार है।

**पुलिस गयी थी आर्म्स के साथ युवक को दबोचने, निकल गया जुआ खेलाने का मास्टरमाइंड :** सूचना के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि मोरहाबादी के रजिस्ट्री ऑफिस के पास एक लड़का दीपक टंडन मौजूद है। उसके पास एक पिस्टल है। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार किया गया।

**फ्लैट लिया था किराये में :** आरोपियों ने बताया कि ऑनलाइन जुआ खेलाने के लिये बरियातू थाना के ईशा अपार्टमेंट तथा जय जगरनाथ अपार्टमेंट में क्रमशः 16,500/- तथा 14,000 में रूम किराये पर लिया है। दोनों जगहों पर लड़कों को सारी सुविधा के साथ रखकर ऑनलाईन जुआ खेलवाते थे। इन दोनों जगहों पर छापामारी करने पर कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हुई। इसके अतिरिक्त दोनों जगहों पर कुल मिलाकर करीब 150-200 शराब की खाली बोतलें कमरे से बरामद किया गया। दीपक टंडन तथा शुभम कुमार इसके संचालक हैं।

**पांच कर्मचारियों को 25 से 30 हजार तक देता था वेतन :** पकड़ाये अन्य लोग उसकी कंपनी में वर्कर के तौर पर काम कर रहे थे। उनलोगों को भुगतान के रूप में लगभग 25,000/- से 30,000/- के वेतन पर आवास, खाने पीने तथा अन्य सुविधा प्रदान किया गया था। इन लोगों ने प्रति सप्ताह लगभग 10-15 लाख का अवैध जुआ का धंधा कराने की बात कही। इनलोगों के द्वारा स्टार एक्सचेंज, लोट्स-999 साईट्स के माध्यम से जुआ खेलवाते थे। पुलिस ने इनलोगों के पास से 12 पासबुक, 50 चेकबुक और एक देशी पिस्टल बरामद किया।

### क्या-क्या हुआ बरामद

पूछताछ के दौरान उसके पास से 13 भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का एटीएम कार्ड बरामद हुआ, जिस संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि ये ऑनलाईन जुआ खेलवाते है।

खबर एक नजर में

# नीरजा सहाय डीएवी में समर कैंप का समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। इन चार दिनो में अनेक कार्यक्रमों जैसे मेडिटेशन, योगा, भजन, जुम्बा, टेबल टेनिस ,क्ले वर्क ,सैंड वर्क डोमेस्टिक मैनेजमेंट, संगीत-नृत्य, जेनरल इंग्लिश द्वारा बच्चों के चहुमुखी विकास करने का प्रयास किया गया। बच्चे इन कार्यक्रमों से बहुत लाभान्वित हुए। विद्यालय प्रांगण में वे खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। इस मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को लाइफ स्कील सिखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# झारखंड से चलने वाली 36 ट्रेनों का टाइम टेबल बदला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची रेल मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनों की समय सारणी में 11 जून से परिवर्तन किया गया है। इसमें 36 ट्रेनों के समय सारिणी में विभिन्न स्टेशनों पर परिवर्तन किया गया। इनमें 08149 हटिया-राउरकेला पैसेंजर का बालसिरिंग से प्रस्थान सुबह 08:10 बजे, 12835 हटिया-बेंगलुरू एक्स. का हटिया से प्रस्थान शाम 6:05 बजे, बानो से प्रस्थान 7:14 बजे, 12836 बेंगलुरू-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन शाम 6:15 बजे होगा। उसी तरह रांची से चलने वाली 18637 हटिया-बेंगलुरू एक्सप्रेस का हटिया से प्रस्थान शाम 6:05 बजे, ट्रेन संख्या 18638 बेंगलुरू-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन सुबह 11:45 बजे, 12811 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन सुबह 4:30 बजे, 22837 हटिया-एर्णाकुलम एक्सप्रेस का हटिया से प्रस्थान शाम 6:05 बजे, 22838 एर्णाकुलम-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन दोपहर 3:20 बजे, 18616 हटिया-हावड़ा क्रिया योग एक्सप्रेस का हटिया से प्रस्थान रात 9:30 बजे व रांची से प्रस्थान रात 10:00 बजे करेगी।

**हावड़ा-हटिया क्रिया योग एक्सप्रेस का भी बदला समय :** 18615 हावड़ा-हटिया क्रिया योग एक्सप्रेस का हावड़ा से प्रस्थान रात 9:10 बजे व हटिया आगमन सुबह 06:20 बजे, 12874 आनंदविहार टर्मिनस-हटिया झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का हटिया आगमन रात 8:00 बजे, 08195 टाटानगर-हटिया मेमू का हटिया आगमन सुबह 11:00 बजे, 18604 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन सुबह 6:00 बजे, 18620 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन सुबह 4:00 बजे, 18035 खड़गपुर-हटिया हटिया आगमन शाम 7:05 बजे, 18625 पूर्णियाकोर्ट-हटिया एक्सप्रेस का मुरी से प्रस्थान शाम 6:40 बजे करेगी।

**धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित बदले दूसरे ट्रेन का समय :** 13303 धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का रांची आगमन सुबह 09:50 बजे, 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन शाम 4:45 बजे, 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन शाम 6:20 बजे, 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस का हटिया आगमन सुबह 11:25 बजे, 02831 धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस का मुरी से प्रस्थान शाम 6:25 बजे, रांची से प्रस्थान शाम 7:45 बजे व हटिया से प्रस्थान रात 8:05 बजे, 08186 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस का राउरकेला से प्रस्थान सुबह 04:15 बजे व हटिया आगमन सुबह 07:15 बजे, 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का खड़गपुर आगमन शाम 6:45 बजे, 18086 रांची-खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस का खड़गपुर आगमन रात 11:20 बजे, 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन शाम 7:05 बजे होगा। 12817 हटिया-आनंद विहार टर्मिनस झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का बोकारो से प्रस्थान शाम 5:20 बजे, 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस का राउरकेला से प्रस्थान शाम 4:45 बजे, 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस का राउरकेला आगमन दोपहर 3:00 बजे और 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस का हटिया से प्रस्थान दोपहर 3:30 बजे होगा।

## 30 साल बाद रीयूनियन में जुटे, किया शिक्षकों का सम्मान

रांची। संत अलोइस स्कूल के 1994 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों ने 30 साल बाद रीयूनियन का आयोजन शनिवार को किया। इसमें देश के कई हिस्सों से आए छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए, स्कूल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेडमास्टर ब्रदर अलफोंस ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नए छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है। मौके पर सुबीर दान, बेंजामिन परेरा, मार्टिन टूटी, राजेश्वर ओहदार, प्रवीण भगत, सुनील भगत, सुनील प्रसाद, अखिलेश्वर ओझा और दिनेश चंद्र महतो ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

# जीवन में अनुशासित होकर पायी जा सकती है सफलता : शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

### निर्मला कान्वेंट में 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदायी



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में वर्ग 7, 8 एवं 9वीं के स्टूडेंट्स की ओर से शनिवार को विदायी समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मैट्रिक की परीक्षा दे चुके छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। समारोह का उद्घाटन विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के स्टूडेंट्स ने काफी आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें नृत्य व संगीत शामिल है । कक्षा दशम के स्वागत के लिए छात्र-छात्राओं के द्वारा डांस की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने नवम वर्ग के बच्चों को अपने सीनियर्स से प्रेरणा लेने की सीख दिया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों का स्कूली समय काफी अनुशासन पूर्वक रहा और स्कूल परिवार कि शुभकामना है कि भविष्य में भी इसी गति से अपने लक्ष्य की ओर गतिमान रहेंगे। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बच्चों को विद्यालय से प्राप्त नैतिक मूल्य को सदैव अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थी जीवन के मैट्रिक एवम इंटर में उनकी रुचि और सजगता ही उनके पूरे जीवन काल की रूपरेखा तैयार करता है। श्री शर्मा ने छात्रों से कहा कि अनुशासित होकर ही जीवन में सफलता को पाया जा सकता है। विदाई की इस बेला में विद्यालय के शिक्षकों ने परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह से अबतक हमारे विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोताओं में भाग लेकर अपनी व अपने स्कूल का नाम रौशन किया है। निश्चित रूप से यहां से प्राप्त शिक्षा का को आत्मसात कर तरक्की की बुलंदियों को प्राप्त करेंगे।

## स्कूल टाइम में बदलाव की मांग

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि प्रदेश के प्रारंभिक विद्यालय खुल गए हैं परंतु इस भीषण गर्मी में और हीट वेव के वजह से बच्चे झुलस रहे हैं। खासकर राजधानी सहित पलामू कोयलांचल में बहुत अधिक गर्मी पड़ रही है। छात्रों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए एक सप्ताह के लिए विद्यालय बंद या फिर समय में परिवर्तन करना चाहिये। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए सुबह 7:00 से 10 बजे तक स्कूल का संचालन उचित है।

## कॉस्ट चेंज कर 1938 लोगों को पीवीटीजी श्रेणी में बदला

**रांची।** गुमला के तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी पर विभागीय कार्यवाही चलायी जायेगी। उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच रिटायर आईएएस अधिकारी गणेश प्रसाद करने का जिम्मा दिया गया है। वहीं, मामले में उपस्थापन पाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुमला को बनाया गया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी के विरुद्ध एनएफएसए ओर जेएसएफएसएस योजनाके तहत आच्छादित 1938 लाभुकों को पीवीटीजी श्रेणी में परिवर्तित करने, इनके लॉगिन में किए जा रहे कार्यों का अनुश्रवण नहीं करने, कॉस्ट चेंज कर गलत तरीके से गैर पीवीटीजी श्रेणी के लाभुकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ पहुंचाने का आरोप है। यही कारण है कि वास्तविक पीवीटीजी आदिम जनजाति श्रेणी के परिवार को लाभ से वंचित हो गये। पूरे मामले की जब शिकायत सामने आयी तो तत्कालीन उपायुक्त गुमला ने इसकी जांच करायी। अगस्त 2023 में ही उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति विभाग को कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी। मामले की जांच करायी गयी, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाये गये हैं। मामले पर पूरी जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## डीएसपीएमयू के शिक्षक जीसी बास्के का एनसीसी में उत्कृष्ट योगदान, मिला सम्मान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार और झारखंड निदेशालय के मेजर जनरल एएस बजाज, एडीजी एनसीसी की ओर से प्रशिक्षण वर्ष 2023 से 2024 के दौरान एनसीसी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शनिवार को कैप्टन (डॉ.) जीसी बास्की को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वितरण समारोह रांची ग्रुप एनसीसी में आयोजित किया गया। ब्रिगेडियर वीएस यादव ग्रुप कमांडर रांची ग्रुप एनसीसीने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनसीसी अधिकारियों और कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में रांची ग्रुप एनसीसी के सभी कमान अधिकारी तथा सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कैप्टन (डॉ.) जीसी बास्की के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने अनेकों गतिविधियों में हिस्सा लिया और कई उपलब्धियां हासिल कीं। इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य तथा कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कैप्टन (डॉ) जीसी बास्के को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी। गौरतलब है कि डॉ जीसी बास्की जूलोजी के सहायक प्राध्यापक है। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने मौके पर कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरवान्वित करनेवाला पल है कि शिक्षण के साथ उन्होंने एनसीसी गतिविधियों में भी अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। उन्होंने आगे कहा कि एनसीसी का अर्थ ही अनुशासन से जुड़ा होता है। विश्वविद्यालय में एनसीसी की हा्लिया गतिविधियों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। इसका यह निष्कर्ष निकलता है कि विद्यार्थियों में शैक्षणिक रुझान के साथ अन्य कार्यविधियों में भी श्रेष्ठ होने की इच्छा जागृत है, जो एक शुभ संकेत है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत बकाया राशि का भुगतान जल्द हो : नायक



**रांची।** आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों का बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण गरीब मरीजों का ईलाज नहीं हो पा रहा है। पिछले 6 माह से बकाया करोड़ो की राशि की अविलंब भुगतान की मांग को लेकर संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को पत्र लिख कर जल्द से जल्द भुगतान की मांग की है। पत्र मे उन्होंने लिखा है कि 6 महीना से करोड़ों की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से राज्य के सभी प्राइवेट अस्पताल ने गरीब गुरबा मरीजों का इलाज करने से मना कर दिया है । सरकारी अस्पताल में इस योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । जिस कारण फिलहाल आयुष्मान कार्ड के तहत किसी तरह की सेवा इन गरीब गुरबा मरीजों को नहीं मिल पा रहा है ।

# तपती हुई गर्मी में रखना होगा अपना ख्याल : कमलेश बेहरा



खबर मन्त्र संवाददाता

### डालसा एवं रॉटरी क्लब ने पानी बोतल और ओ.आर.एस. पैकेट का किया वितरण

**रांची।** डालसा एवं रॉटरी क्लब ऑफ रांची के संयुक्त प्रयास से प्रचंड गर्मी को देखते हुए वेंडर सब्जी मार्केट, नागा बाबा खटाल के पास स्टॉल लगाकर राहत सामग्री के रूप में पानी बोतल और ओ.आर.एस का वितरण शनिवार को किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष (झालसा) सुजित नारायण प्रसाद के दिशानिर्देश और सदस्य सचिव (झालसा) के संरक्षण में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, रॉटरी क्लब रांची के प्रेसिडेंट डॉ. विनय कुमार ढनढनिया, विशेषज्ञ मध्यस्थ-सह-सदस्य (रॉटरी क्लब) राजीव कुमार मोदी, शशांक मोदी, अंचल मोदी, एलएडीसीएस अधिवक्ता सौरभ पांडेय एवं वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी प्रीति पाल, स्नेहलता दुबे, संपा दास, विक्की चौधरी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू एवं प्रचंड गर्मी से प्रभावित लोगों को लेकर मीडिया में कई रिपोर्ट प्रकाशित हो रही है। गर्मी के कारण दैनिक मजदूर, खुले सार्वजनिक स्थानों पर तैनात व्यक्ति, फुटपाथ पर रहनेवाले छोटे विक्रेता, यातायात पुलिस एवं अन्य लोग प्रभावित हो रहे है।

# रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बने जय सिंह यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन की बैठक शनिवार को रातू रोड स्थित जय सिंह यादव के आवास पर हुई।

सर्वसम्मति से जयसिंह यादव को रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें एक माह में रांची जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन की चुनाव से संबंधित सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी कर चुनाव संपन्न कराने को कहा गया। साथ ही सहयोग के लिए कृष्ण कुमार दुबे, पवन सिंह, अशोक कुमार उपाध्याय, गोपाल यादव व राजू यादव का मनोनयन किया गया।

## कभी पी-3 न्यूज के संचालक हुआ करते थे योगेश अग्रवाल, सचिवालय में लेते थे ठेके का काम

# चीन से जुड़े तार को खंगाल रही है साइबर थाना, हरमू में सीसीटीवी की जद में होता था गेम

कुबेर सिंह

### किशोरगंज का योगेश अग्रवाल फर्जी पते पर बैंक खाते खुलवाकर चीन में बैठे साइबर अपराधियों को करता था सप्लाई

गिरफ्तार आरोपितों में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित बाकुड़ा का विशाल शर्मा, झारखंड के रांची के हरमू में सत फ्रांसिस स्कूल के समीप टुंगराटोली का विशाल वर्मा, हाउसिंग कालोनी हरमू का आशीष कुमार, पंडरा ओपी क्षेत्र के बाजरा का रहने वाला अंकित कुमार अग्रवाल व हरमू रोड किशोरगंज के मकान संख्या 70 का निवासी योगेश अग्रवाल शामिल हैं। किशोरगंज का योगेश अग्रवाल फर्जी पते पर बैंक खाते खुलवाकर चीन में बैठे साइबर अपराधियों को सप्लाई करता था। साइबर थाना पुलिस चीन के कनेक्शन भी तलाश कर रही है।

**रांची।** साइबर थाना पुलिस (सीआइडी) ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर जिस योगेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। वह रांची में धार्मिक क्षेत्र से ताल्लुकात रखनेवाले एक संस्था के निदेशक का रिश्तेदार है। तीन साल पूर्व योगेश अग्रवाल ने पी- थ्री न्यूज वेबसाइट और पोर्टल भी खोला था। न्यूज एजेंसी की आड़ में वह सचिवालय से ठेका का भी काम लेता था। योगेश अग्रवाल व उनकी टीम के द्वारा हरमू में एक खेल भी खेलाया जाता था। उस खेल की वीडियो फुटेज पुलिस ने तलाशने का काम किया था, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकी थी। उस खेल में भाग लेने के लिये लोगों को 50 हजार रूपये शो मनी दिखाना पड़ता था। खेल सीसीटीवी के जद में होता था। किसी अनजान व्यक्ति को फ्लैट में जाने की मनाही थी। इसके अतिरिक्त योगेश अग्रवाल बिजनेस चलाने के लिये सूद पर पैसे भी लिया करता था।

गौरतलब हो कि साइबर अपराध थाने की पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारियों के एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार करने के बाद यह बात सामने आई कि आरोपित वाट्सएप के जरिये ब्लैकमेल कर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों में एक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित बाकुड़ा का और बाकी के चार आरोपित झारखंड के रांची के रहने वाले हैं। इनके पास से कई तरह का सामान भी बरामद किया गया है।

**ऐसे करते थे ठगी :** साइबर अपराध थाने की पुलिस की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि गिरफ्तार योगेश अग्रवाल इस गिरोह का प्रमुख है जो फर्जी पते पर बैंक खाता खुलवाता था और उसे चीन के साइबर अपराधियों को सप्लाई करता था। इन खातों में अवैध लेन-देन होता था, जिसको सभी साइबर अपराधी एक-दूसरे के खाते में हस्तांतरित करते थे। इस मामले में साइबर अपराध थाने में तीन जून को दो अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज हुई थीं। इनमें एक प्राथमिकी सांमलौंग रांची की मनीषा प्रकाश व दूसरी प्राथमिकी बरियातू के रविकांत मिश्रा ने दर्ज कराई थी। इन दोनों प्राथमिकियों में आये नये तथ्यों के आधार पर साइबर अपराध थाने में पांच जून को तीसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बढ़ती गर्मी और लू के कारण स्कूलों की छुट्टी बढ़ाने की मांग

**रांची।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने हीट वेव के कारण झारखंड के विद्यालयों में छुट्टी की में अवधि विस्तार की मांग की है। श्री तिवारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, शिक्षा सचिव व परियोजना निदेशक से एक सप्ताह के लिए विद्यालय का छुप्ती बढ़ाने का अनुरोध किया है। श्री तिवारी ने कहा है कि गर्मी छुट्टी के बाद विद्यालय खुल गया है। प्रतिदिन शिक्षक तथा बच्चों को विद्यालय आना-जाना है। परंतु झारखंड के पलामू , गढ़वा लातेहार समेत झारखंड के कई जिले हीट वेव के चपेट में है। शिक्षक एवं छात्र हित को ध्यान में रखते हुए अच्छा होगा विद्यालय को कम से कम एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया जाए।

# नीट रिजल्ट पर विवाद जारी, एनटीए ने चार सदस्यीय कमेटी बनायी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीट के रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद से ही विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी के कई कोचिंग संस्थानों ने शनिवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीट की परीक्षा पर सवाल खड़ा किया। बायोम के डायरेक्टर पंकज सिंह ने कहा कि एक साथ 67 अभयर्थियों के 720 नंबर कैसे आ गए? इन टॉपर्स में से 8 अभयर्थी सेम एग्जाम सेंटर के बताए जा रहे हैं। दस दिन पहले अचानक रिजल्ट जारी कर दिया गया ताकि चुनावी नतीजों में बच्चों की आवाज दब जाए। उन्होंने कहा कि सिस्टम में खामी से 650 से ज्यादा नंबर वाले छात्रों की संख्या तीन गुना बढ़ गई। ग्रेस मैन मार्क्स का प्रोविजन है तो यह एनटीए के इनफॉरमेशन ब्रोशर में क्यों नहीं मेंशन किया गया था। सभी ने एनटीए से मांग की कि जिन शहरों में पेपर लीक हुआ है वहां री एग्जाम होना चाहिए और जिन बच्चों को ग्रेस मार्क्स मिला है उन्हें भी री एग्जामिनेशन में शामिल कराना चाहिए। इस मौके पर न्यूट्रल ट्यूटोरियल के डायरेक्टर इमरान अली,पंकज, ब्रदर अकादमी से शुभेंदु थे।

बता दें कि इन सारे विवादों के बीच शनिवार को एनटीए डीजी सुबोध कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि एक कमेटी गठित की गई और पाया गया कि जिन स्टूडेंट्स का टाइम लॉस हुआ था, उनका नंबर बढ़ाए गए।

# मैक्लुस्कीगंज में मजदूर को जिंदा जलाने वाले 5 अपराधकर्मी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




**खलारी।** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिंहा ने शनिवार को अपने कार्यलय में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली ग्राम के करमकोचा गांव के चामा मैक्लुस्कीगंज मुख्य पथ पर 28 मई के रात लगभग 9:45 बजे सड़क किनारे खड़ा सिंह इंफ्रा स्ट्रक्चरल प्रवेट लिमिटेड कंपनी के ड्रील मशीन लदा हुआ कंटेनर ट्रक जो बीएसएनएल कंपनी का 5जी फाईबर केबल बिछाने का काम कर रही थी। जिसमे उक्त रात्रि अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा कर जला दिया गया था। जिसमें संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। इस संदर्भ में कंपनी के चालक अखिलेश ठाकुर के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने कांड सं० 23/2024 धारा 384/387/435/436/427/326/302/34भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज करते हुए कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ?तारी हेतू पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी खलारी विजय सिंह, थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज गोविंद कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। पुलिस के द्वारा बड़ी घटना के अंजाम देने वाले अपराधियों को वादी पक्ष के ऑडियो से पहचान करके अपराधियों की पहचान किया गया। अभियुक्त के पकड़ने में थाना क्षेत्र के सीमावर्ती थाना क्षेत्र में लगातार छापामारी किया जा रहा था। इसी क्रम विशेष सूत्रों के अनुसार दुल्ली जंगल के पास से तीन अपराधकर्मियों रवि मुण्डा उर्फ प्रभात जी, रूपेश पाहन उर्फ रूपेश मुण्डा एवं महेश उरांव को हिरासत में लिया गया। गहराई से पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया।

**बसरिया में पुल निर्माण कार्य मे भी जेजेएमपी के प्रभात जी के नाम पर ठेकेदार को धमकी दिया था :** वही हिरासत में लिए गए अपराधियों से अग्रतर पूछताछ में बताया कि मार्च में हरहु बसरिया में पुल निर्माण कार्य मे जेजेएमपी के प्रभात जी का नाम और हथियार के साथ रंगदारी मांगने अथवा मजदूरो के साथ मारपीट व मोबाईल लूट पाट किया गया था। थाना कांड सं0 16/24 धारा-341/342/323/385/386/387/504/506/34 भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयान, निशानदेही पर लूटा हुआ मोबाईल, घटना में प्रयुक्त किया गया एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस, विभिन्न कंपनियों के मोबाईल, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल व अन्य समानों को बरामद किया गया है। तथा कांड में संलिप्त इनके अतिरिक्त अन्य दो अपराधकर्मी दिनेश उरांव एवं अनिश केरकेट्टा को उक्त कांड में गिरफ्तार किया गया है। इन सभी अपराधियो के खिलाफ पूर्व में कई कांड का मामला दर्ज है।

### लुटा हुआ फोन प्रेमिका को दिया अपराधी प्रेमी

गिरफ्तार अभियुक्त दिनेश उरांव के द्वारा बताया गया कि हरहु बसरिया पुल निर्माण कांड में मजदूर से लूटे गये रियल मी सी 31 स्मार्ट फोन को अपनी प्रेमिका को उपयोग करने के लिए दे दिया था जो वर्तमान में तमिलनाडु में रहकर काम करती है। वही मोबाईल उपयोग कर रही है। साथ ही कांड में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतू छापामारी जारी है।

## निशुल्क पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** एसएसबी 26 वीं बटालियन के कमान्डेंट एसडी शेरखाने के निदेर्शानुसार सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य को लेकर ए कंपनी सताकी कैंप के जवानों ने अम्बाझरिया पंचायत के चंदवाटुंगरी गांव में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गयो कमान्डेंट पशु चिकित्सा जयंता शर्मा के द्वारा पशुओं को जांच कर जरूरतमंद 45 पशु पालकों को निशुल्क दवाई दी गई ।मौके पर निरीक्षक मंटू कुमार सहायक उपनिरीक्षक तिलक राज, हरदीप सिंह, के बिमल सिंह सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।


कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा
(Mail Id – kodermanagarpanchayat@gmail.com)

–: आम सूचना :–

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत बोरिंग में प्रयुक्त रींग मशीन धारक एवं भवन/भूमि मालिक को सूचित किया जाता है :–

1. कोई भी रींग मशीन धारक नगरपालिका की भूमि तथा सड़क, नाली, तालाब या अन्य किसी प्रकार की नगर पंचायत कोडरमा की संपति पर 4 इंच/6 इंच का बोरिंग कार्य भवन मालिक के कहने पर नहीं करेगें अन्यथा प्रयुक्त रींग मशीन धारक पर 6 इंच के बोरिंग के संबंध में रू0 1,00,000/– के अतिरिक्त रू0 25,000/– आर्थिक दण्ड कुल रू0 1,25,000/– (आर्थिक दण्ड) लगाया जायेगा। 4 इंच के बोरिंग के संबंध यह दण्ड की राशि रू0 25,000/– होगी एवं बोरिंग को सील कर दी जायेगी।
2. यदि भवन मालिक सड़क, नाली, तालाब या नगरपालिका की अन्य सम्पति पर बोरिंग करवाते हैं तो बोरिंग करने के पूर्व उन्हें स्वतः यह इसकी जाँच करायी जायेगी। जाँच में यह प्रमाणित हो जाता है कि बोरिंग कराया जाने वाला स्थान रैयती है तभी कराने की अनुमति दी जायेगी अन्यथा नही करा सकते है।

पूर्व से निबंधित Rig Machine को भी कार्य करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि उक्त कार्य के लिए उन्हें विधिवत अनुमति संबंधी आदेश पत्र प्राप्त हो।

दण्ड की राशि की वसूली तक उक्त अभियान में पकड़ी गई गाड़ी संबंधित थाना को संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा सुपूर्द की जायेगी। प्रशासक, नगर पंचायत कोडरमा आदेश के बाद ही गाड़ी संबंधित थाने से मुक्त हो सकेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.325611Urban Development(24-25):D



प्रपत्र–VI
झारखण्ड सरकार
समाहरणालय, कोडरमा (भू–अर्जन शाखा) या समुचित सरकार

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 धारा 19 (1) के अधीन)

संख्या :– 91/ दिनांक :– 10/04/ 2024

चूँकि समाहर्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता हैकि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा पंचखेरो जलाशय योजना अन्तर्गत डूबा क्षेत्र हेतु ग्राम– विचरिया, थाना– कोडरमा, थाना संख्या–131, अंचल–कोडरमा, जिला–कोडरमा में कुल–1.4222 एकड़ यानि– 0.575789 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिघोषणा किया जाता हैकि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोबेश– 1.4222 एकड़ यानि– 0.575789 हेक्टेयर मानक माप का है, और जो ग्राम– विचरिया, थाना–कोडरमा, थाना सं०–131, अंचल– कोडरमा, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र० सं० | खाता संख्या | सर्वे प्लाट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए०) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खण्ड संख्या) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | 391 | कायमी | प्रति क दिम | 0.5942 | महेश प्रसाद यादव, पिता स्व० टुकन महतो, जगदीश महतो, सुभाष महतो, बालेश्वर महतो एवं रामु महतो, पिता स्व० केवल महतो। | 385 एवं 392 | 391 अंश एवं 392 | 392 | 390 |
| 2 | 14 | 395 | कायमी | टॉड तीन | 0.8280 | 01, महेश प्रसाद यादव पिता स्व0 टुकन महतो 02, जगदीश महतो सुभाष महतो बालेश्वर महतो रामू महतो पिता स्व0 केवल महतो। 03, गंगो महतो, इन्द्र देव महतो, पिता स्व० शीतल महतो। | 395 अंश | 444 | 396 | 394 |
| कुल रकवा:– | | | | | 1.4222 | | | | | |

अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और (अधिनियमसंख्या–30/2013) की धारा– 15 में प्रदत यथा उपबन्धित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के मामले यहाँ नही है।

ग्राम– विचरिया, थाना– कोडरमा, थाना संख्या– 131, अंचल– कोडरमा, जिला–कोडरमा में कुल– 1.4222 एकड़ यानि– 0.575789 हेक्टेयर विशेश भू–अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, कोडरमा।
ह0/– उपायुक्त कोडरमा, –सह–समुचित सरकार, झारखण्ड।

PR.NO.325651Water Resource(24-25):D


# सीओ पर बालू माफियाओं ने किया जानलेवा हमला

## अवैध बालू तस्करी कर रहे ट्रैक्टर को रोकने पर हमला किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के हिन्दू गड़ी चौक के पास खलारी अंचलाधिकारी पर जानलेवा हमला हुआ। घटना लगभग रात्रि 9:30 बजे का बताया जा रहा है। जानकरी के अनुसार खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ठ अवैध बालू की तस्करी रोकने के लिए चुरी सफी नदी घाट पहुँचे थे। रात्रि के समय अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया जा रहा था। कुछ बालू तस्करों ने सीओ को पीछा करते हुए हिदू गड़ी चौक के पास पहुँचकर घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही खलारी सीओ का वाहन हिन्दू गड़ी चौक के पास पहुँचा । उसके बाद बालू माफियाओं के द्वारा सीओ के वाहन पर पत्थरों से हमला कर दिया। सीओ पर जानलेवा हमला होने से सीओ सहित सहयोगी अंचल कर्मियों पर आंशिक रूप से चोट आई है। बताया जाता है सीओ और उनके सहयोगियों को मारपीट करने के लिए बालू माफिया अंचल आवास तक पहुँच गए थे। मसलन घटना के बाद खलारी थाना को सूचित किया गया। खलारी इंस्पेक्टर व डीएसपी सीओ पर हमला करने वालो पर धर पकड़ जारी है।

खलारी अंचलाधिकारी ने 25 लोगो से अधिक पर नामजद प्रथमिकी दर्ज किया गया। सीओ पर बालू माफियाओ ने बेखौफ होकर हमला करने वालो पर खलारी थाना में लिखित आवेदन दर्ज किया गया। जिसमें से 25 लोगो अथवा 13 लोगो पर नामजद मामला दर्ज किया गया। इन सभी पर धारा 353 के तहत सरकारी अफसर को लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल दिए जाने पर मामला दर्ज किया गया। फिलहाल पुलिस के द्वारा सीओ पर हमला करने वालो पर पुलिस के द्वारा धरपकड़ जारी है।

### एक नजर में

## बेड़ो प्रखंड प्रमुख कार्यालय गंदगी से बदहाल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड प्रमुख कार्यालय के अंदर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहां सैकड़ों लोग रोज अपने काम के लिए पहुंचते हैं,उस कार्यालय का हाल एकदम दयनीय है। कुर्सी व फर्स गंदगी पसरा हुआ है। बादाम के छिलके सहित अन्य छिटपुट कचरा भी यहा बिखरा पड़ा है। जो स्वच्छता अभियान का धज्जियां उड़ा रही है। यहां जिम्मेदार गंदगी के बीच रहकर स्वच्छता की अलख जगा रहे है। यहां स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि अनजान बनकर बैठे है। इसको देखने के बाद प्रशासन द्वारा किये जा रहे स्वच्छता के सभी दावे बेकार साबित हो रहा है। बात वही है कि जिसका अपना घर गंदगी से भरा हो वह पूरे शहर की सफाई के दावे करे तो कैसा लगेगा। इसकी कितनी सफाई हो रही है। इसकी तस्वीरें खुद बोल रही है कि कैसा स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है। जिससे प्रखंड प्रमुख कार्यालय में अस्वच्छता भी फैली हुई है। वहीं पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय ने कहा कि कार्यालय पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। जरूरी चीजों का रख-रखाव भगवान-भरोसे है।स्वच्छता व सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने वाले खुद ही सफाई के महत्व से अनजान है। कार्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने ने कुर्सियों पर फैली गंदगी व रख रखाव बेहतर न होने, कार्यालय परिसर गंदा होने, आलमारी पर कबूतर द्वारा घोसला बना होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने बीडीओ से उक्त मामले को संज्ञान में लेने का आग्रह किया है। ताकि भविष्य में इस तरह का पुनरावृत्ति न हो।

## भीषण गर्मी में लो वोल्टेज से बेड़ोवासी परेशान

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित है। ऐसे में लोग काफी परेशान है। प्रखंड में इन दिनों बिजली कि लो वोल्टेज से प्रखंड वासी खासे परेशान दिख रहे हैं। वही इसका सर्वाधिक दंश विद्यार्थियों को झेलना पड़ रहा है। एक ओर जहां सरकार द्वारा प्रत्येक घरों में बिजली पहुंचाए जाने से लेकर नियमित बिजली आपूर्ति के वादे किए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौनी खेल एवं लो वोल्टेज से ग्रामीण खासे परेशान हैं। साथ ही लो वोल्टेज रहने से एसी, कूलर, पंखे, फ्रिज सहित सारे उपकरण बेकार साबित हो रहे हैं। इसके अलावा अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण ग्रामीण बेचैन रहते हैं। वहीं लो वोल्टेज रहने से मोटर नहीं चल पा रहा है। जिससे गर्मी में पानी की किल्लत झेलना पड़ रहा है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से लो वोल्टेज को अविलंब ठीक कराने की मांग की है। इधर विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अशोक प्रिय ने बताया कि रविवार को लो वोल्टेज ठीक करने का कार्य किया जाएगा।

## सरकारी विद्यालयों में चल रहे भाषा सर्वे में सोनाहातू प्रखंड के सभी विद्यालयों से कुरमाली भाषा का शून्य रिपोर्ट

**सोनाहातू।** छात्र नेता राजू महतो ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि झारखंड राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में भाषा सर्वे चल रहा है। ताकि एन ई पी 2020 के तहत क्षेत्रीय भाषाओं के लिये राज्य में शिक्षकों की बहाली करायी जायेगी। परंतु प्रखंड के सभी विद्यालयों से कुरमाली भाषा का शून्य रिपोर्ट भेजा गया है। जबकि सोनाहातू समेत सिल्ली, राहे,बुंडू,तमाड आदि क्षेत्रों में कुरमी समुदाय की बहुलता है , जिनका भाषा ही कुरमाली है। पर पूछे स्कूल के प्राचार्य द्वारा शून्य संख्या दर्शाकर सरकार को भेजा गया है। जो कुरमाली भाषियों के खिलाफ है। राजु महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को टेलीफोन पर बात करते हुए कहा है कि स्कूल के प्राचार्यों द्वारा दो दिनों के भीतर सही रिपोर्ट नहीं भेजा जाता है तो कुरमी संगठनों अथवा कुरमाली छात्रों द्वारा जोरदार जनआंदोलन किया जाएगा।

## मांडर में लाइफ केयर हेल्थ सेंटर का उद्घाटन

**मांडर।** प्रखंड के ब्राम्बे ब्राम्बे स्थित लाइफ केयर हेल्थ सेंटर का उद्घाटन शनिवार को आजसू पार्टी के नेता सह आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने फीता काटकर किया इस अवसर पर हेल्थ सेंटर के निदेशक मोहम्मद फिरोज ने बताया कि विदेशी व आधुनिक मशीनों द्वारा डायबिटीज, कब्ज, लीकोरिया, ब्लड प्रेशर, गैश, त्वचा रोग, हार्ट अटैक आर्थराइटिज, मोटापा, लकवा, सरवाईकल, सिर दर्द, थकावट, सांस फलना, थायरॉइड, माइग्रेन, जोड़ो का दर्द, पेट के सभी रोग, गर्दन दर्द, कमर दर्द नस का दबना, सायटिका का दर्द, गुर्दे का दर्द, मिर्गी का दौरा, बवासीर, स्त्रीरोग, लीकोरिया, बांझपन, गुप्त रोग आदि सभी रोगो का इलाज लाइफ केयर हेल्थ सेंटर में किया जाएगा है। वहीं उद्घाटन में मौजुद यूपी रामपूर के डां जावेद रजा और लखनव के डां सहीम ने लोगों को अच्छी सेहत के लिए कई टिप्स दिया। इस मौके पर मो नसीम, हाफिज जावेद, इरशाद इमाम, नौशाद आलम, मुख्तार अंसारी सहित अन्य काफी संख्या में उपस्थित हुए।

## बिल जमा करने के बाद कार्रवायी हुई

ओरमांझी। बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी करने के आरोप में तीन लोगों पर कार्रवायी की गई है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमेटेड के निर्देष पर शनिवार को बिजली विभाग द्वारा एक टीम गठित कर थाना क्षेत्र के हुटुप में छापेमारी की गई है। टीम में शामिल कनीय विद्युत अभियंता देवनंदन राम के साथ सहायक विद्युत अभियंता अवधेष कुमार, कनीय विद्युत अभियंता मंटु कुमार, बिजली कर्मी जालंधर सिंह, दुर्योधन सिंह व अन्य कर्मियों द्वारा छापेमारी कर बिजली चोरी करने के आरोप में हुटुप निवासी मनरखन साहू, सुनष्वर महतो व नागेष्वर ठाकुर पर कार्यवायी की गई है। जिसमें सुनेष्वर महतो ने बताया कि उसकी बिजली मिटर जल गई है। इसकी जानकारी विभाग को देकर नया मिटर लगाने का आग्रह किया गया था। एक दिन पूर्व शुक्रवार को वह बिजली बिल भी जमा किया था। वहीं विभाग द्वारा सभी पर बिजली चोरी करने का मामला ओरमांझी थाना में दर्ज करा दिया गया है।


प्रपत्र VI 'क' राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

ज्ञापांक–328(A)/भू0अ0 दिनांक–14.03.2024

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–ईटखोरी, थाना नं0–45 थाना–ईटखोरी, अंचल–ईटखोरी, जिला–चतरा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना चौपारण चतरा पथ के 17वें कि0मी0 में उच्च स्तरीय बक्शा पुल निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारो के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–ईटखोरी, थाना–ईटखोरी थाना नं0–45 अंचल–ईटखोरी, जिला–चतरा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.54 एकड़ यानि 0.2185 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 129 | 580 | रैयती | खेत धान–II | 0.12 | 1. रामबिलास सोनार पिता–स्व0 महावीर सोनार 2. संजय सोनार पिता–रेवा सोनार 3. बिजली देवी पति–प्रसादी सोनार 4. जगदीश सोनार पिता–स्व0 प्रमेश्वर सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 579 | खेसरा सं0 581 | खेसरा सं0 575, 574 | खेसरा सं0 583 |
| 02 | 129 | 574 | रैयती | खेत | 0.07 | 1. रामबिलास सोनार पिता–स्व0 महावीर सोनार 2. संजय सोनार पिता–रेवा सोनार 3. बिजली देवी पति–प्रसादी सोनार 4. जगदीश सोनार पिता–स्व0 प्रमेश्वर सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 575 | खेसरा सं0 565 | खेसरा सं0 575, 580 | खेसरा सं0 581 |
| 03 | 129 | 565 | रैयती | खेत | 0.18 | 1. रामबिलास सोनार पिता–स्व0 महावीर सोनार 2. संजय सोनार पिता–रेवा सोनार 3. बिजली देवी पति–प्रसादी सोनार 4. जगदीश सोनार पिता–स्व0 प्रमेश्वर सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 573, 574 | खेसरा सं0 584 | – | खेसरा सं0 566 |
| 04 | 124 | 566 | रैयती | खेत | 0.03 | 1. रामचन्द साहु पिता–स्व0 धनु साहु 2. पानो कुंवरी पति–स्व0 रामदास सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 585 | खेसरा सं0 564 | खेसरा सं0 565 | – |
| 05 | 124 | 573 | रैयती | खेत | 0.04 | 1. रामचन्द साहु पिता–स्व0 धनु साहु 2. पानो कुंवरी पति–स्व0 रामदास सोनार, ईटखोरी | खेसरा सं0 581 | खेसरा सं0 565 | खेसरा सं0 574 | खेसरा सं0 581 |
| 06 | 7 | 581 | रैयती | खेत | 0.10 | हरि राम पिता–स्व0 बंधन राम, ईखोरी | खेसरा सं0 580 | खेसरा सं0 573 | खेसरा सं0 574 | खेसरा सं0 582 |
| | | | | कुल रकवा– | 0.54 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–जिला पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त चतरा।

Pr325637 Land Reforms(24-25)D


# सरना सनातन एकता का प्रतिक है मंडा पूजा

## ओरमांझी के पालू में मंडा पूजा का आयोजन, प्राचिन धरोहर है मंडा पूजा इसे संरक्षित करना जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र पालू ओरमांझी में स्थित प्राचिन देवी मंदिर परिसर में पिछले 11 दिनों से चली आ रही मंडा पूजा शनीवार को झुलन के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व रात्रि में भोक्ता व सोकताईन ने दहकते अंगारे में चलकर भगवान षिव की भक्ति के प्रति अपनी आस्था व विष्वास दिखाएं। देर रात बंगाल व झारखंड के छउनृत्य कलाकारों द्वारा भगवान श्रीगणेष ताल के साथ कार्तिक ताल व भागवान शंकर ताल आदि का आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राजेष कच्छप ने मंडा पूजा को प्राचिनकाल से चला आ रहा धरोहर बताया और इसे संरक्षित रखने का अहवान किया, कहा मंडा पूजा में सिर्फ भोक्ता ही नही पूरा गांव पूजा की शुद्धता बनाए रखते हैं। वहीं भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने मंडा पूजा को नौरात्रा पूजा जैसी बताया और कहा मंडा पूजा में नंगे पांव दहकते अंगारे पर चलना भगवान षिव की भक्ति के प्रति आस्था की पराकाष्ठा है। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू व अन्य अतिथि ने भी मंडा पूजा को झारखंड संस्कृति का हिस्सा बताया और कहा यह पूजा सनातन व सरना संस्कृति को बांटने वालों के लिए करारा तमाचा है। जिप सदस्य कमिषनर मुंडा, मुखिया वीरेंद्र मुंडा, उपमुखिया राजकिषोर साहू, सुरेंद्र महतो, मानकी राजेंद्र शाही, रणधीर चौधरी, दिलीप मेहता, अमरनाथ चौधरी, सत्यमराज कुशवाहा, सुरेष साहू, हरिमोहन महतो, मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष कामेष्वर साहू सचिव रोहित साहू उपसचिव राजेश्वर मुंडा कोषाध्यक्ष सतीश साहू, अमित मुंडा, अजय साहू, संजीत मुंडा, सूरज मुंडा, अजीत साहू, विजय करमाली, संरक्षक कलेश्वर साहू, सुरेष साहू जलेसर मुंडा, सरवन साहू, नरेंद्र मुंडा, राजेष मुंडा आदि उपस्थित थें।

**सरना–सनातन को जोड़ती है मंड पूजा :** मंडा पूजा में उपस्थित अतिथियों ने कहा मंडा पूजा नागवंशी राजाओं द्वारा शुरू किया गया था। मंडा पूजा भगवान शंकर की आराधना में यह पूरी तरह समर्पित है। मंडा पूजा को सरना व सनातन की एकता का प्रतिक भी

समय **संवाद**



भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है।

# एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां

**मृत्युंजय प्रसाद**

नदियां किसी भी देश की लाइफलाइन होती हैं। नदियों से ही उस देश की अर्थव्यवस्था, सभ्यता और प्राकृतिक समृद्धि का पता चलता है। खानपान, मनोरंजन और संस्कृति का भी स्त्रोत नदियां ही होती हैं। हम अगर अपने पौराणिक साहित्य पर नजर डालें तो भारतीय नदियां, भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान और आत्मा से परमात्मा तक की खोज सब नदियों के किनारे हुई, इसलिए भारत अकेला ऐसा देश है, जो नदियों को मां कहता है, देवी कहता है और उनकी पूजा करता है। कोई सभ्यता नदियों पर कितनी आश्रित होती होगी, इस बात का अंदाजा भारत की सम्पन्न सनातन संस्कृति से लगाया जा सकता है। नदियों के किनारे बसे ऋषिकेश, हरिद्वार, मथुरा, अयोध्या, प्रयाग, काशी, गया, पटना, नासिक और उज्जैन जैसे नगर भारतीय धर्म और संस्कृति के जगमगाते द्वीप हैं। ये सभी धार्मिक और सांस्कृतिक नगर प्रसिद्ध नदियों के किनारे बसे होने के कारण ही पीढ़ियों से हमारी सभ्यता के गंतव्य स्थल हैं।

भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है।

भारत के चार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और मुख्य रूप से बंगाल से गुजरने वाली गंगा भारतीय संस्कृति की अमरकथा है। माना जाता है कि नदियों में देवियां और देवताओं का वास होता है। भारत में हिंदू धर्म के सबसे बड़े ग्रंथ महाभारत का आधार ही गंगा है।



देवव्रत यानी भीष्म पितामाह की मां गंगा थीं।


हमारा प्राचीन और समृद्ध अतीत गंगा और यमुना नदियों के किनारे महान ऋषि, मुनियों की ज्ञान परंपरा वाला इतिहास है। गंगा और यमुना दोनों ही पवित्र नदियां हैं, जिनके किनारे आधुनिक सभ्यता के कई पड़ाव पड़े। गीता में भगवान कृष्ण खुद नदी और समुद्र की तुलना आत्मा और परमात्मा से की है। नदी आत्मा है। उत्तराखंड में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलने वाली गंगा का मुख्यस्त्रोत गोमुख है। कुल 2480 किलोमीटर की यह नदी हिमालय की पवित्र कंदराओं से निकलकर मैदान की तरफ बहती है। गंगा को गंगा बनाने वाली इसकी सहायक नदियां हैं। शायद यही वजह है कि इस देश में सबसे ज्यादा सहायक नदियां अगर किसी नदी की हैं, तो वह गंगा ही है। 2480 किलोमीटर तक बहने वाली गंगा इस लिहाज से देश की सबसे बड़ी और लंबी नदी है, क्योंकि यह पूरी तरह से भारत में बहती है। वैसे लंबाई के लिहाज से ब्रह्मपुत्र 2990 किलोमीटर लंबी है। लेकिन ब्रह्मपुत्र तिब्बत के पुरंग जिले से निकलकर मानसरोवर झील के निकट से भारत और फिर बांग्लादेश में बहती है। इसलिए यह पूरी तरह से भारत में बहने वाली नदी नहीं है।

हालांकि गंगा, गंगोत्री से निकलती है, लेकिन इसे गंगा नाम देवप्रयाग में आकर मिलता है। इसके पहले यह भगीरथी और अलकनंदा होती है। प्रयाग पहुंचने पर गंगा में देश की एक दूसरी विशाल नदी यमुना मिल जाती है, जिसमें चंबल, केन, बेतवा, शिप्रा सहित आधा दर्जन से ज्यादा छोटी नदियां मिलती हैं। जब यमुना, गंगा से मिल जाती है, तो गंगा बहुत ही विशाल और बहुत ही समृद्ध जल वाली नदी या छोटा मोटा समुद्र बन जाती है। इलाहाबाद के बाद गंगा की विशालता का जलवा देखते ही बनता है। पुराणों में वर्णित अंतःसरिता सरस्वती को भी माना जाता है कि वह प्रयाग में गुप्त रूप से गंगा में मिल जाती हैं। इसलिए जहां प्रयाग में गंगा और यमुना मिलती हैं, उस जगह को त्रिवेणी यानी तीन नदियों के संगम वाली जगह कहते हैं।

गंगा में आगे चलकर असी और वरुणा वाराणसी में तो बिहार में इसमें तमसा, रामगंगा, सोन और जैसी कई और नदियां आकर मिलती हैं। आज भी भारत में खेती के लिए गंगा का समर्पण अद्भुत है।

# भक्ति की परम्परा विश्व को भारत की देन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीव** ही शिव है वह पृथ्वी पर एक मात्र जीव है जिसे मेघा मिली है। शेष जीवों का जीवन सिर्फ आहार-विहार पर टिका है। भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि जीव सब कुछ पाने की लालसा रखता है। यह लालसा उसके अंदर होती है। इसी के कारण वह संसार में सभी प्रकार के काम करके ज्यादा से ज्यादा अर्जित करना चाहता है। उन्होंने कहा एक कथा के माध्यम से बताया कि एक शेरनी का बच्चा सियार के झुंड में पला बढ़ा। वह सब कुछ वहीं करता जो शियार करते थे। लेकिन एक दिन एक शेर की की दहाड़ सुनकर उसे लगा कि यह आवाज तो उसके अंदर भी हैऔर वह भी दहाड़ने लगा। यानि जो भी है शक्ति है वह अंदर में छिपी है कभी-कभी समाज और माहौल के कारण एहसास नहीं हो पाता। ठीक उसी प्रकार सभी को सब कुछ त्याग का बल मिला है लेकिन जब इस बल का एहसास कोई करा देता है जब ही मनुष्य भी सब कुछ पाने की लालसा और दौड़ से रूक जाता है। एक जीव को जितना जीने के लिए चाहिए उससे कई गुणा अधिक अर्जित करने के बाद भी उसे चैन नहीं मिलती और इस अंतहीन दौड़ में बैचेन होकर जीवन जीता है। उसका चिंतन पूरा का पूरा सांसारिक वस्तुओं में उलझ जाता है जबकि भक्ति उसे संसार में रहते हुये संसारिक बंधनों से विरक्त होने की चेतना देती है। संसार में भक्ति की परम्परा भारत की देन है। संत महात्माओं की परम्परा केवल भारत में ही है। कठोर साधना से आत्मतत्व की प्राप्ति हो सकती है लेकिन इसमें लंबा समय लगता है। पहले इस प्रकार के साधना की जाती थी। उन्होंने कहा कि आग लकड़ी में भी है लेकिन वह अपने आप प्रज्वलित नहीं हो सकती है। लकड़ी से लकड़ी रगड़कर भी आग प्रज्वलित की जाती है लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता है। वहीं कही आग प्रज्वलित है उससे आग जला लेना सहज है। इसलिए वर्तमान काल में संत-महात्माओं ने भक्ति के सहज मार्ग को स्वीकार्य किया। यह मार्ग दास भाव का मार्ग है। दासत्व का सबसे बड़ा उदाहरण अर्जुन हैं जिन्होंने कृष्ण का दासत्व स्वीकार किया। राम ने वशिष्ठ का, हनुमान ने राम का दासत्व स्वीकार किया। इसी मार्ग में चलना बेहतर है। जन्म जन्मातर के कर्म-सत्कर्म का संचित फल मनुष्य को मिलता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटीः रांची)

**युद्ध की विभीषिका...**




# इनकम टैक्स की रिटर्न भरने की तैयारी करें



**अजयदीप बाधवा**

वेतन, पेंशन और छोटे व्यवसाई के लिए वर्ष 202324 के लिए आय कर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है और अब इसे भरने का समय आ गया है। अगर हमने रिटर्न समय पर भर दिया तो ठीक है वरना शुल्क के साथ इसे हम इस वर्ष 31 दिसंबर तक भी भर सकते हैं। अगर आपकी आय छूट की सीमा से अधिक है तो आपको आय कर का रिटर्न फाइल करना अनिवार्य है। पर मेरे विचार से हर पैन कार्ड धारक को रिटर्न भर ही देना चाहिए; भले ही आपको कोई कर भुगतान न करना है। रिटर्न न भरने पर हम कई बार कई सुविधाओं, जैसे बैंक लोन आदि, से वंचित हो सकते हैं। रिटर्न भरने के पूर्व आपको अपने नियोक्ता से फॉर्म 16, बैंक से ब्याज व टीडीएस का विवरण, शेयर ब्रोकर से कैपिटल गेन का विवरण आदि ले लेना चाहिए। अगर आपने बैंक आदि से गृह या शिक्षा का कर्ज लिया है तो उस से मूल और ब्याज भुगतान का सर्टिफिकेट ले लें। अगर आप के पास जीवन बीमा पॉलिसी, पीपीएफ अकाउंट, ईएलएसएस निवेश, एनपीएस अकाउंट, मेडिकल पॉलिसी आदि है तो उसमें किए गए भुगतान का विवरण भी निकाल लें। पुरानी कर प्रणाली से रिटर्न भरने पर आपको इन निवेशों पर सेक्शन 80 उ में आय कर से छूट मिलती है। इसके अलावा अगर आपकी कोई और आय भी है तो उसका विवरण भी बना लें। इसके बाद आय कर पोर्टल में अपने आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर अपना रिटर्न चुन कर इसे भर सकते हैं। अपना आय कर फॉर्म का चुनाव भी सावधानी से आय कर नियमों के अंतर्गत करें। अगर इसमें कोई कठिनाई हो तो आय कर सलाहकार की मदद ली जा सकती है वरना बाद में आय कर विभाग से प्रश्न आदि पूछे जायेंगे। आपको यह भी तय करना है कि आप अपना रिटर्न नई या पुरानी, दोनों में से किसी भी एक के अंतर्गत भर सकते हैं। मेरी सलाह है कि आप दोनों प्रणाली में कर की गणना करें और जिसमें आपकी कर भुगतान की राशि कम आए और आपको कम कर भुगतान करना पड़े, उसे चुन लें। । इसके चुनाव के लिए भी आप कर सलाहकार की मदद ले सकते हैं। (वित्त विषयों के जानकार)

# सुरेश्वर महादेव मंदिर, चुटिया रांची

**अचंल कुमारी**

ऐतिहासिक नगर चुटिया जिसका सम्बन्ध इतिहास के धर्म स्थलों से रहा है। वह नगर चुटिया अपने आप को इतिहास के पन्नो में गढ़ने को तैयार बैठा है। जिसका आधार सनातन धर्म और आस्था का प्रतीक सुरेश्वर महादेव मंदिर है । दस वर्ष में बनकर तैयार हुआ ये मंदिर झारखंड का सबसे ऊंचा एवं भारत में दूसरे स्थान पर ऊंचा शिवलिंग हैं। जिसकी ऊंचाई 108 फीट है ।

यह शिवलिंग चुटिया के केतारी बगान में स्वर्णरेखा नदी के किनारे स्थित है। यह मंदिर भारत के सबसे ऊंचे शिवलिंग कौटिल्य लिंगेश्वर मंदिर जो की कर्नाटक में स्तिथ है उसके जितनी है । सुरेश्वर महादेव मंदिर की विशेषता इसकी बनावट जितनी ही खास है।

शिवलिंग के आकार की सरचना वाले मंदिर के गर्भगृह में 3 फीट ऊंचाई और 4 फीट



लंबाई वाले शिवलिंग की स्थापना की गई है, जो की भाव पूर्ण दृश्य स्थापित करता है। मंदिर में शिवलिंग के साथ भगवान महाकाल के परिवार की भी प्रतिमाएं स्थापित की गई है। जो की आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

अगर मंदिर की वास्तुकला की विशेषता की बात की जाए तो मंदिर की बनावट कुछ इस प्रकार है, की शंखनाद होने पर इसकी आवाज लगभग एक मिनट तक गूंजते रहेगी।

स्वर्णरेखा नदी के किनारे मंदिर स्तिथ होने के कारण इसका दृश्य और भी मनमोहक सा प्रतीत होता है। आस्था और विश्वास प्रतीक सुरेश्वर धाम की विशेषता केवल इतनी ही नही है, इसका मुख्य द्वार आकर्षित नक्काशियों से भरपूर है साथ ही साथ मंदिर के गर्भ गृह का द्वार विराट स्वरूप लिए है ।

मुख्य मंदिर का द्वार पीतल से बना है। जिसे ओडिशा के कलाकारों ने खूबसूरत नक्काशी कर बनाया है । इस द्वार का विराट स्वरूप भगवान सुरेश्वर की भव्यता को इंगित करता है ।

मुख्य द्वार की कुंडी जो नंदी के आकार का है, वह मानो यह प्रतीत करता हो जैसे भक्त नंदी स्वयं भगवान महाकाल की अगवानी कर रहे हो। इसके साथ ही शिवलिंग के सामने कुछ ही दूर पर नंदी की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई हैं, जो एक भक्त और भगवान के अतुलनीय प्रेम को दर्शाती है।

# कोई लौटा दे मेरे बचपन के दिन



**अभिनेता राकेश श्रीवास्तव से खास बातचीत**

**-फिरदौस खान**

**सुप्रसिद्ध** अभिनेता राकेश श्रीवास्तव ने साल 1990 में 'एक लड़का एक लड़की' से हिन्दी सिनेमा में अपना डेब्यू किया था. वे सब टीवी के सीरियल 'लापतागंज' के लल्लन जी के नाम से मशहूर हैं. उन्होंने लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी से ड्रामाटिक आर्ट में डिप्लोमा किया है। वे कई नाटकों और धारावाहिकों में काम कर मुम्बई आए और फिर यहीं के होकर रह गए। वे कहते हैं-

**बचपन से ही फि तरत है मुस्कुराने की**
**हंसने की और लोगों को हंसाने के**

शायद इसीलिए अब वे अपने अभिनय से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। जब उनसे गर्मियों की छुट्टियों के बारे में पूछा गया तो उनके चेहरे पर रौनक आ गई। बचपन होता ही ऐसा है कि इंसान उसे कभी भूल नहीं पाता। बचपन की यादें सबसे खूबसूरत होती हैं। बचपन में पढ़ाई और खेल के सिवा कोई दूसरा काम भी तो नहीं होता। वे कहते हैं कि आपने बचपन याद दिला दिया। गर्मियों की छुट्टियों के दिन बच्चों के लिए खुशियों के दिन होते हैं। सभी बच्चे छुट्टियों के इस मौसम का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मैं भी बचपन में गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार करता था। मेरे पापा रिजर्व बैंक में कार्यरत थे। अतः तीन-चार साल के बाद अलग-अलग प्रदेश की राजधानी में स्थानान्तरण हुआ करता था।

वे कहते हैं कि हर गर्मी की छुट्टियों में अपने ददिहाल बाबा-दादी से मिलने गोरखपुर जाया करते थे। मैं अपने दादा जी को बाबा कहता था। जब पापा की नियुक्ति पटना में थी तब हम पानी के जहाज से गंगा पार कर महेन्द्रू घाट से सोनपुर जाया करते थे। बचपन में जहाज से गंगा पार करने का जो आनन्द मानस पटल पर छपा है, वो याद करके मन रोमांच से भर जाता है। दूर तक पानी ही पानी नजर आता था। ऊपर नीला अम्बर और नीचे नीला पानी। नीले आसमान के अक्स से पानी नीला दिखाई देता था। आसमान पर जब सफेद बादल होते तो उसके सौन्दर्य में चार चाँद लग जाते थे। मैं कभी आसमान को देखता, तो कभी नदी के बहते पानी को। इस तरह जहाज कब घाट पर पहुंच जाता था, पता ही नहीं चलता था।

उन्हें बचपन से ही खाने-पीने का बहुत शौक था। वे कहते हैं कि बचपन से ही मैं बहुत चटोरा था। सोनपुर पहुंचते ही खाजा खाने के लिए लालायित रहता था। ये मैदे की बहुत ही स्वादिष्ट मिठाई है। गोरखपुर पहुंचने पर बाबा-दादी, चाचा-चाची, बहन सीमा की आंखों में खुशी देखकर हम रास्ते की सारी थकान भूल जाया करते थे। शाम को बाबा घोष कम्पनी चौराहा ले जाया करते और दालमोठ, समोसा और इमरती खिलाते। कभी-कभार घंटाघर रबड़ी-खुरचन खिलाने ले जाते। सुबह-सुबह ही सारे रिश्तेदार मिलने आ जाते थे और हम उनके बच्चों संग घर में ही हुड़दंग मचाया करते थे। मेरी बुआ और दादी के हाथ का बना मिर्च का अचार, इमली की पीड़िया के बारे में सोचकर आज भी मुंह में पानी आ जाता है।

वे जिन्दगी के हर पल को जी लेने में यकीन रखते हैं। वे कहते हैं कि गर्मियों की छुट्टियों में हम दिन भर खेलते। कभी रिश्तेदारों के बच्चों के साथ, तो कभी मोहल्ले के बच्चों के साथ। बड़े लू के कारण दोपहर में घर से बाहर निकलने से मना करते, लेकिन हमें खेल के आगे कुछ दिखाई ही कहां देता था। बड़ों की नजर बचाते हुए हम बाहर भाग जाते। हमें न गर्मी का अहसास होता था और न ही लू लगने की कोई फिक्र थी। हम तो अपनी छुट्टियों को भरपूर जी लेना चाहते थे और जीते भी थे।

वे सफर में भी खूब चटोरबाजी किया करते थे। वे बताते हैं कि चार साल बाद पापा का स्थानान्तरण अहमदाबाद में हो गया। वहां से छुट्टियों में जब गोरखपुर जाते, तो हम चटोरे ट्रेन में संडीला के लड्डू, खुर्जा का खुरचन, उरई के गुलाब जामुन का आनन्द लेते हुए गोरखपुर पहुंचते और फिर वही हुड़दंग करते। बाबा-दादी के प्यार, आशीर्वाद और खुशियों का भंडार भरकर हम अहमदाबाद आते और फिर से गर्मी की छुट्टियों का इंतजार करते थे।

अपनी शरारतों की वजह से वे कई मुसीबतें उठा चुके हैं, लेकिन फिर भी शरारत करने से पीछे नहीं रहे। वे बचपन का एक ऐसा ही वाकिया सुनाते हुए कहते हैं कि बचपन में सब कुछ आसानी से मिलने में मजा नहीं आता है। बाबा के घर के सामने एक अमरूद का बागीचा था। माली से बचकर चुपके से घुसते और अमरूद के पेड़ की पतली टहनियों पर चढ़कर गर्मी के मौसम में अमरूद खोजते और भद्द से गिरते। हमारे गिरने की आवाज सुनकर माली दौड़कर आता और हमें खूब दौड़ाता तो हम गिरते पड़ते भागते। एक बार भागते हुए बंदर के बच्चे से टकरा गए। बंदर को बहुत गुस्सा आया और उसने दौड़ाकर मेरे पिछवाड़े काट लिया। इसके बाद पेट में चौदह सुइयां लगीं। इसके दर्द का अहसास आज भी है। आज भी सुई के डर से कुत्ते, बिल्ली और बंदर को देखते ही दूर भागता हूं।

दरअसल बचपन की ये खट्टी-मीठी यादें जिन्दगी में बहुत बड़ा सहारा हुआ करती हैं। जब कभी मन उदास हो और कुछ अच्छा न लगे, तो बचपन से जुड़ी चीजें देखकर, बचपन की बातें याद करके चेहरे पर मुस्कान आ ही जाती है। राकेश श्रीवास्तव कहते हैं-

मन के
गुल्लक में
भर लो
इतना प्यार,
खुशियां
न
मांगनी पड़े
उधार।..

वे कहते हैं कि गर्मी की छुट्टियों में पूरे परिवार का मिलन अगली पीढ़ी के संबंध को और मजबूत करता है. एक ही फूल वाली थाली में बचपन से हमारा और सीमा का साथ-साथ खाना भाई-बहन के बंधन को और प्रगाढ़ करता गया. वे कहते हैं-

कोई लौटा दे मेरा बीता हुआ बचपन
वो प्यार, खुशियां, अपनापन के क्षण
वो गर्मी की छुट्टियों का प्यारा मौसम ,फिर से जी लेंगे निराला सा बचपन


# योग, रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाता है, विश्वास भी

**स्वामी मुक्तरथ**



योग शारीरिक व्यायाम, सांस लेने के अभ्यास और एकाग्रता की बेहतरी का एक संयोजन है जिससे शरीर और दिमाग सुदृढ़ बनते हैं और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। योग आसन कई प्रकार के हैं, जिनमें शवासन और शसाकासन से तनाव कम होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। प्राणायाम जैसे श्वसन अभ्यास से हमारा श्वसन तंत्र मजबूत बनता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। त्रिकोणासन से रक्त के संचरण में सुधार होता है और सभी अंगों का इष्टतम कामकाज सुनिश्चित होता है, इसलिए योग का अभ्यास न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक है बल्कि यह मानव शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। योग-आसन और सांस लेने का व्यायाम करना चाहिए। चूंकि यह वायरस सीधे फेफड़ों पर असर डालता है, इसलिए श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाए रखना अनिवार्य हो जाता है।

सुझाए गए योगासन संतृप्ति के आदर्श स्तर को प्राप्त करने और फेफड़ों की कार्यप्रणाली को बहाल करने में मददगार हैं। योग का अभ्यास करने की सलाह न केवल कोविड पॉजिटिव मरीजों को बल्कि वायरस से ठीक हो चुके मरीजों को भी दी जा रही है। यौगिक श्वसन, शुरूआती स्तर के योगासनों और एकाग्रता



से मानसिक शांति मिलती है और उन रोगियों के पूरे शरीर में शांति एवं ठंड का आभास होता है, जिनको कोविड-19 का दर्दनाक अनुभव हुआ है। विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित संशोधित श्वसन तकनीक और योग मुद्रा से ठीक हुए कोविड रोगियों में थकान को कम करने व ऊर्जा के स्वाभाविक स्तर की बहाली में सहायता मिली है। योग के लाभ केवल वयस्कों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि यह उन बच्चों के लिए भी मददगार हो सकता है जिन्होंने तनाव का अनुभव किया है।

कोविड की दूसरी लहर के चलते हमारे अधिकांश स्कूलों को अपनी पारंपरिक भौतिक कक्षाओं को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने हेतु मजबूर होना पड़ा। इससे हमारे बच्चों पर सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और शैक्षणिक सभी दृष्टियों से अकल्पनीय प्रभाव पड़ा है। हमारे देश में बच्चों और युवाओं की सबसे अधिक आबादी है, इस नाते इस महामारी के दौरान आई बाधाओं से निपटने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता होगी, ताकि उनका स्वास्थ्य इससे न्यूनतम प्रभावित हो, इसलिए सभी अभिभावक और शिक्षकों को अपने बच्चों को दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। योग का अभ्यास बच्चों के लिए अपनी अंतरात्मा से अधिक गहनता से जुड़ने और अपनी ताकत, गतिशीलता एवं समन्वय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त, इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अपनी एकाग्रता को बढ़ाने तथा मन में शांति और तनाव-मुक्ति की भावना को बनाए रखने से युवावर्ग अत्यधिक लाभान्वित होगा । जब दुनिया ठहर सी गई है, ऐसे में योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करने और आंतरिक आत्म-संतुलन बनाए रखने की सबसे प्रभावी स्वास्थ्य कसरत के रूप में उभरा है। योग को वैश्विक स्तर पर अत्यधिक प्रशंसा और लोगों के बीच स्वीकारोक्ति प्राप्त हुई है।

तथा यह लोगों के व्यावहारिक जीवन एवं सोच में शामिल हो चुका है और इस प्रकार यह भारत की सॉफ्ट पावर का एक प्रबल स्त्रोत बन चुका है। आज अगर कोविड का दौर न होता तो हम सभी मन, शरीर और आत्मा के इस मिलन पर्व को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मना रहे होते, परंतु कोविड महामारी के कारण हमसे अपने घरों में ही रहने और सामाजिक दूरी बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। देश के सभी नागरिक और छोटे बच्चे भी इस वायरस के कारण अपने हौसले और उत्साह को कम न होने दें।

योग जीवन में अपनाये जीवन को आनंदमय और रोग रहित बनाये। आइए, हम सभी योग के लिए चटाई उठाएं तथा अपने घर पर ही योग दिवस मनाना शुरू करें, ताकि हमारे भीतर का उजियारा बाहर आकर प्रकाशमान हो सके और हम इस कठिन समय में भी एक स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण मनःस्थिति प्राप्त कर सकें। (लेखक सत्यानंदयोग मिशन रांची के अध्यक्ष और योग प्रशिक्षक हैं। )

# दुनिया के 76 प्रतिशत लोग मोटापे से परेशान



एक नए शोध के मुताबिक, एक आश्चर्यजनक तथ्य सामने आया है कि विश्व की 76 प्रतिशत आबादी यानी करीब 5.5 अरब लोग मोटापे के शिकार हैं।

शोधकर्ताओं ने आगाह किया है कि यह धीरे-धीरे विकराल रूप लेता जा रहा है। इसके साथ ही इससे जटिल व पाचन संबंधी गंभीर बीमारियों के खिलाफ वैश्विक स्वास्थ्य प्रयासों में अब बदलाव करने की अपील की है। शोधकर्ताओं ने मोटापे के पीछे की एक विशिष्ट धारणा को रेखांकित किया है कि जरूरत से ज्यादा वसा होने से स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ता है। इस शोध में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड यूनिर्विसटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ता भी शामिल हैं।

मौजूदा आंकड़ों के अनुसार यह बात सामने आयी है कि अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या में हुई वृद्धि ने इसको मोटापे की उस श्रेणी में डाल दिया जिसमें सामान्य वजन के लोग भी शामिल हैं।

इसके मुख्य अध्ययनकर्ता और ऑस्ट्रेलिया के मैफ फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ फिलिप मैफेटोन ने कहा, 'मोटापे के इस विकराल रूप ने उन लोगों को भी अपने आगोश में ले लिया है जो लोग व्यायाम करते हैं और यहां तक कि वे लोग भी जो खेलों में काफी अच्छे हैं।' मैफेटोन ने बताया, 'मोटापे की इस श्रेणी में सामान्य वजन के लोग भी शामिल हैं जिससे जटिल बीमारियों के लिए खतरा और बढ.गया है। यह खतरा ज्यादा मोटे लोगों के साथ-साथ उनके लिए भी है जिनको सामान्य वजन का समझा जाता है।'
पिछले तीन से चार दशकों में मोटापे का यह भयावह चेहरा काफी हद तक बढ. गया है जिससे ज्यादातर लोग अस्वस्थ होने की कगार पर हैं। मैफेटोन ने बताया कि हमलोग इन खतरनाक कारकों में हो रहे इजाफे को लेकर जागरूकता फैलाना चाहते हैं, जहां 'ओवरफैट' और 'अंडरफैट' शब्दावलियों को नये सिरे से व्याख्या की जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि यह शब्दावली आम प्रयोगों में शामिल होगी जिससे विश्व स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार करने में मदद मिलेगी।
विशेषकर भारत के शहरों में भी यह रोग लगातार बढ़ रहा है जहां लोग शारीरिक श्रम कम कर रहें हैं। साथ ही बच्चों में भी यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

# माता-पिता के संबंधों का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर



एक अध्ययन में यह पता चला है कि एक अच्छे घर में बच्चों के बड़े होने का असर उसके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन माता-पिता से अच्छा संबंध नहीं होने से मध्य जीवन के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। अमेरिका के टेक्सास स्थित बायलोर विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर शोधकर्ता मैथ्यू ए. एंडरसन ने कहा, कि माता-पिता से बच्चों के अच्छे संबंध खाने, सोने और दैनिक गतिविधि को प्रेरित करने के लिए जरूरी हो सकते हैं।

अध्ययन में पता चला है कि यदि माता-पिता से बच्चे के संबंध तनावपूर्ण या अपमानजनक हैं तो उसकी खाने पीने की आदतों पर कोई नियंत्रण नहीं रहता। ऐसे उचित आहार के बजाय बच्चे ज्यादा चीनी या ज्यादा तेल वाले खाने को पसंद करने लगते है। सोने और दूसरे रोजमर्रा की गतिविधियां भी उनकी अनियमित हो जाती है।

बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक, भावानात्मक विकास का होना ज्यादा लंबी आयु के लिए जरूरी है। एंडरसन कहते हैं कि आर्थिक रूप से कमजोर घरों में माता-पिता से बच्चों के अच्छे संबंध का असर उनके स्वास्थ्य को बढाता है। बच्चे की बढत़ी उम्र के साथ कम सामाजिक-आर्थिक स्तर का उनके ऊपर नकारात्मक प्रभाव नहीं दिखाई देता।

कम शिक्षित और कमजोर आर्थिक स्थिति वाले माता-पिता बच्चों को धमकी देने या जबर्दस्ती आज्ञा मानने की बजाय रचनात्मक बातचीत की सहायता लेते हैं, इससे उनके रिश्तों में गर्माहट बढत़ी है। इस अध्ययन के लिए दल ने 2,746 प्रतिभागियों जिनकी उम्र 25 से 75 की रही पर शोध किया। यह अध्ययन पत्रिका 'जर्नल ऑफ हेल्थ एंड सोशल बिहेविर' में प्रकाशित हुआ है।

# स्वास्थ्य के संकटों से बचाये सक्रिय जीवनशैली



डॉ. मोनिका शर्मा

सेहत की देखभाल के मामले में खानपान और व्यायाम ही नहीं, हमारी रोजाना की सहज गतिविधियां भी अहम भूमिका निभाती हैं। खासकर इन एक्टिविटीज को दिया जाने वाला समय। जैसे बहुत समय बैठना भी सेहत के लिए घातक है तो बहुत ज्यादा चलना-दौड़ना भी। नींद की कमी भी परेशानी का सबब बनती है और सोने-जागने की कोई सधी समय सारिणी न होना भी। दिनभर की गतिविधियों में एक संतुलन आवश्यक है। दिनभर में खड़े रहने और बैठने के समय में भी एक बैलेंस होना चाहिए।

संतुलन आवश्यक

ऑस्ट्रेलिया में स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकताओं ने कहा है कि लोगों को दिन में पांच घंटे खड़े रहना चाहिए और छह घंटे बैठना चाहिए। इसके अलावा प्रतिदिन चार घंटे हल्की और मध्यम शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। हल्की-फुलकी सहज फिजिकल एक्टिविटी का अर्थ चलने से लेकर खाना पकाने और घर के कामकाज पूरा करने तक से है। अध्ययन के अनुसार, नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करने से हार्ट हेल्थ भी बेहतर होता है। असल में आज की बदली हुई जीवनशैली में बैठने-चलने का यह संतुलन हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है। मौजूदा लाइफस्टाइल में मनोरंजन से लेकर कामकाज और आसपास की आवाजाही तक, गाड़ी हो, आरामदायक कुर्सी हो या सोफा- अधिकतर समय बैठने तक सिमट गया है। यह गतिहीन जीवनशैली हर तरह से घातक है। पहले की पीढ़ी की तरह काम के बीच कुछ समय के आराम या ब्रेक के बजाय अब बैठना ही जीवनचर्या बनकर रह गया है। यह निष्क्रियता हड्डियों, मांसपेशियों में जकड़न और मानसिक थकावट लाने वाली भी है। थोड़े समय के लिए भी चलने-फिरने का ब्रेक न लेकर लगातार बैठे रहना हर मोर्चे पर स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम बढ़ा रहा है। घर, दफ्तर हो या स्कूल, कालेज- हर आयुवर्ग के लोगों का लंबा समय एक ही जगह बैठे बीत रहा है। घंटों बैठे रहना आजकल के लाइफस्टाइल में आम बात है। यूं देर तक बैठे रहना सही-गलत पोश्चर का ख्याल भी नहीं रहने देता।

# ज्यादा नमक स्वास्थ्य के लिये खतरा



एक नए शोध में पता चला है कि सोडियम युक्त नमक के अधिक मात्रा में सेवन से एक्जिमा का खतरा बढ़ सकता है, जिसमें त्वचा रूखी हो जाती है और उस पर चकत्ते पड़ जाते हैं, जिनमें खुजली होती है।

पिछले शोधों में पाया गया है कि त्वचा में सोडियम अधिक मात्रा में होने से एक्जिमा समेत लंबे समय तक जलन और ऑटोइम्यून समस्याएं हो सकती हैं।

इन शोध में यह भी पता चला है कि सोडियम की अत्यधिक मात्रा वाले फास्ट फूड के सेवन से भी किशोरों में एक्जिमा होने का खतरा बढ़ जाता है, जो बहुत गंभीर भी हो सकता है।

नए शोध में पता चला है दैनिक अनुशंसित सीमा से एक ग्राम अधिक सोडियम खाने से भी एक्जिमा का खतरा 22 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

एक ग्राम सोडियम लगभग आधा चम्मच नमक या अंतरराष्ट्रीय फास्ट फूड चेन मैकडोनाल्ड के हैमबर्गर बिग मैक में मौजूद मात्रा के बराबर होता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन एक दिन में दो ग्राम से कम सोडियम सेवन की सिफारिश करता है जबकि ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार, अनुशंसित सोडियम सेवन प्रतिदिन 2.3 ग्राम है।

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीएफसी) के शोधकताओं ने कहा कि हाल के वर्षों में, विशेष रूप से औद्योगिक देशों में, यह दीर्घकालिक त्वचा रोग आम हो गया है, जिसका अर्थ है कि इसमें पर्यावरण और जीवनशैली संबंधी कारकों (जैसे आहार) की भूमिका है।

उन्होंने कहा कि सोडियम का सीमित सेवन एक्जिमा रोगियों के लिए बीमारी को नियंत्रित करने का एक आसान तरीका हो सकता है। ये शोध द जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) डमेटीलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

यूसीएसएफ में त्वचा विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर और शोध के लेखकों में से एक कैटरीना अबुबारा ने कहा, ह्नरोगियों के लिए एक्जिमा के प्रकोप से निपटना कठिन हो सकता है, खासकर तब जब वे इसका पूवार्नुमान नहीं लगा पाते और उनके पास इससे बचने के लिए कोई सुझाव नहीं होता।ह्व

शोध के लिए टीम ने यूके बायोबैंक से 30-70 वर्ष की आयु के दो लाख से अधिक लोगों के डेटा का उपयोग किया, जिसमें मूत्र के नमूने और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड शामिल थे।

# खजूर खायें स्वस्थ्य रहें



जाड़े के मौसम में खजूर खाने के कई लाभ हैं। खजूर में पोषक तत्वों का भंडार होता है। खजूर में आयरन, मिनरल, कैल्शियम, अमीनो एसिड, फॉस्फोरस और विटामिन्स प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं। एक खजूर से 23 कैलोरी मिलती है। आईए खजूर खाने के इन पांच बड़े फायदों के बारे में जानते हैं।

**हड्डियों की मजबूती में कारगर**
खजूर में मौजूद साल्ट हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करते हैं। इसमें कैल्शयिम, सेलेनियम, मैगनीज और कॉपर की मात्रा होती है जिनसे हड्डियों को मजबूती मिलती है।

**इम्यून पावर बढाने में सहायक**
खजूर का सेवन आपके इम्यून पावर को बढाता है। इसमें ग्लूकोज और फ्रुक्टोज प्रचुर मात्रा में होता है लिहाजा आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढत़ी है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**
खजूर त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। खजूर खाने से चेहरा दमदमा उठता है और त्वचा पर निखार आता है।

**वजन बढाने में कारगर**
अगर आपका वजन कम है तो खजूर का सेवन आपके लिए फायदेमंद है। इसमें शुगर, विटामिन और कई जरूरी प्रोटीन होते हैं जो वजन बढाने का काम करते हैं। अगर आप बहुत दुबले-पतले हैं तो रोजाना चार से पांच खजूर खाना शुरू कर दीजिए। आपको कुछ वक्त बाद परिणाम दिखने लगेगा।

**तुरंत ऊर्जा देनेवाला**
खजूर में पर्याप्त मात्रा में ग्लूकोज, फ्रक्टोज और सुक्रोज पाया जाता है। इसलिए तुरंत ताकत के लिए इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन के बाद आपको तुरंत ही एनर्जी मिलती है।

# सांस से पता चलेगा रोग

**चिकित्सक** किफायती और नॉन इनवेसिव उपकरण की मदद से जल्द ही मरीजों में पारसंस और विभिन्न तरह के कैंसर समेत 17 भिन्न और असंबद्ध बीमारियों के खतरे का पता लगाने में सक्षम होंगे। इजरायल के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा विकसित उपकरण की मदद से सांस के नमूनों से ही इन बीमरियों के खतरों का पता लगाया जा सकेगा। सांस के नमूनों पर आधारित नैदानिक तकनीक का अतीत में कई बार प्रदर्शन किया जा चुका है लेकिन अब तक इस परिकल्पना से जुड़ा कोई वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं मिल सका था कि भिन्न और असंबद्ध बीमारियों का निर्धारण सांस के आधार पर हो सके। इस तरह के नैदानिक जांच के लिए अब तक विकसित की गयी तकनीक से बहुत कम छोटे स्तर पर ही ऐसा हो पा रहा था।



# एसिटीडी से परेशान इस घरेलू उपाय को आजमाये

आज के समय में अधिकांश लोग एसिडिटी या गैस की समस्या से पीड़ित रहते हैं। जब भी आपके पेट में गैस की समस्या बढ़ने लगती है फिर आपका कुछ भी करने का मन नहीं करता है। पेट में होने वाली जलन और एसिडिक फीलिंग के कारण आप परेशान हो जाते हैं और इससे आपके रोजमर्रा के कामों पर काफी असर पड़ता है। वैसे एसिडिटी से राहत पाने के कई घरेलू उपाय हैं। इन्हीं में से एक है जल शामक मुद्रा। अगर काम के दौरान आपको एसिडिटी होती है, तो तुरंत राहत पाने के लिए इस मुद्रा को अपनाने की कोशिश करें।

**विधि** : पहले आराम से बैठ जाएं। आप अपनी अपनी चेयर पर बैठकर भी इस मुद्रा को कर सकते हैं। अपनी छोटी उंगली को अंगूठे के नीचे दबाएं। इस तरह दोनों हाथो से करें। अपने घुटनों पर हाथ रखकर और आंखें बंद करके करीब तीन मिनट तक बैठें। अगर आप एसिडिटी से ज्यादा ही परेशान रहते हैं, तो आप दिन में कई बार इस मुद्रा को कर सकते हैं।

योग थेरेपी में ऐसा माना जाता है कि अंगूठे में अग्नि तत्व और छोटी अंगुली में जल तत्व होते हैं। यानि छोटी उंगली को नीचे दबाने से (एसिड के मामले में) अत्यधिक पानी को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी तरह अंगूठे से अग्नि



तत्व को कम करने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं इस मुद्रा से स्ट्रेस भी कम होता है। जाहिर है स्ट्रेस को एसिडिटी लेवल के साथ जोड़कर देखा जाता है। कुल मिलाकर इस मुद्रा से बहुत राहत मिलती है।
इस मुद्रा को करने से दस्त से राहत मिलती है। इसके अलावा इस मुद्रा से मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव को भी कम कम करने में मदद मिलती है।

# मौसम के बदलाव में बढ़ता है कोलेस्ट्राल

मौसम में बदलाव आते ही लोगों में कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने की शिकायत बढ़ने लग जाती है। फास्ट फूड इसका एक कारण हो सकता है। खाने में फैट की मात्रा अधिक इस्तेमाल होने पर अंत में वह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को ही बढावा देता है। खून का गाढा होना, दिल से संबंधी रोगों की शेकायत होना इसमें आम बात हो जाती है। मौसम के बदलाव के साथ ब्लड लिपिड स्तर में भी उतार-चढाव हो सकता है।
मौसम के बदलाव के साथ ब्लड लिपिड स्तर में उतार-चढाव हो सकता है। सर्दियों में यह बढ़ सकता है, जबकि र्गिमयों में यह कम हो सकता है। यह उतार-चढाव पांच एमजी तक का हो सकता है।
इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के मनोनीत अध्यक्ष केके अग्रवाल का कहना है कि ब्लड कोलेस्ट्रॉल स्तर का सीधा संबंध दिल के रोगों से है। ब्लड कोलेस्ट्रॉल का स्तर जितना ज़्यादा होगा, दिल के रोगों और दौरे का खतरा उतना ही ज़्यादा होगा। भारत में महिलाओं और पुरुषों की मौतों का सबसे बड़ा कारण दिल का दौरा है।
कोलेस्ट्रॉल स्तर में 10 प्रतिशत की गिरावट से दिल के दौरे की संभावना 20 से 30 प्रतिशत तक कम हो जाती है। इसलिए हाई कोलेस्ट्रॉल की जांच, इलाज और बचाव के बारे में जागरूक होना बेहद जरूरी है।
सीरम टोटल और एचडीएल-कोलेस्ट्रोल की जांच भूखे पेट और खाने के बाद की जाती है। इन दोनों के माप में मामूली सा चिकित्सकीय फर्क होता है। तनाव, मामूली बीमारी और गलत पॉश्चर की वजह से किसी व्यक्ति में चार से 11 प्रतिशत तक कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का फर्क हो सकता है। अलग-अलग प्रयोगशाला से भी 14 प्रतिशत तक का फर्क आ सकता है। यानि अगर किसी का सीरम कोलेस्ट्रॉल 200 एमजी आया है, तो यह 172 से 228 एमजी के बीच हो सकता है। अगर अचूक जांच की जरूरत हो, तो एक से ज़्यादा बार जांच करानी चाहिए। सीरम एचडीएल-सी और ट्राइग्लिसराइड्स में इससे भी ज़्यादा फर्क हो सकता है।



एक मानक सीरम लिपिड प्रोफाइल में टोटल कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल शामिल होता है। लिपिड प्रोफाइल भूखे रहने के 12 से 14 घंटे बाद कराना चाहिए। इसके लिए प्लाज्मा या सीरम स्पेसिमन का प्रयोग किया जा सकता है। सेरम कोलेस्ट्रॉल प्लाजमा की तुलना में तीन प्रतिशत तक कम होता है।
सैचुरेटेड फैट अस्वस्थ एलडीएल बढाते हैं और ट्रांस फैट को कम करते है, जो एलडीएल और प्रोटेक्टिव एचडीएल को बढाता है। इसलिए इसका परहेज करें। उसकी जगह पर सेहतमंद अनसैचूरेटिड फैट जो मछली, नट्स और वेजीटेबल ऑयल्स में शामिल होता है, उन्हें प्रयोग में लाएं। होल ग्रेन ब्रेड, पास्ता, सीरियल्स ब्लड शूगर बढऩे से बचाते हैं और दिनभर पेट भरा रखते हैं। इनमें फाइबर होता है, जो एलडीएल का स्तर कम करता है। ज्यादा फल और सब्जियां खाएं।

## स्पीड न्यूज

### बोलेरो से तस्करी कर बिहार ले जाने के क्रम में 20 पेटी शराब जब्त

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना के टेंटा गांव के समीप से बोलेरो से बिहार ले जायी जा रही 20 पेटी शराब पुलिस ने बरामद किया है। एसआई शशि शेखर पांडे ने बताया कि एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि टेंटा गांव के रास्ते झारखंड से शराब की खेप बिहार भेजी जा रही है। एसडीपीओ मुकेश महतो के निर्देश पर गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन पर ले जायी जा रही खेप पकड़ने में सफलता पायी। पुलिस को आता देख वाहन सवार व चालक भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि शराब के साथ वाहन जब्त कर लिया गया है। बोलेरो का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 पी 1413 है। जिस पर 20 पेटी देशी टनाका शराब थी। प्रत्येक पेटी में 180 एमएल की 48 बोतल शराब है।

### भीम चूल्हा कोयल नदी में नहाने के क्रम में डूबा युवक, खोजबीन जारी



**मोहम्मदगंज पलामू।** थानांतर्गत भीमचुल्हा शिव मंदिर के पास कोयल नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूबने से लापता है। युवक बिहार राज्य के नबीनगर थानान्तर्गत टन्डवा का सोनू तिवारी बताया जाता है, जो कपड़ा फेरी का काम करता था। नदी में नहाने गया था, जब काफी देर तक बाहर नहीं निकल तो साथ मे तीन और युवक है। उन्होंने हल्ला मचाया तो मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने एएसआई सुबीर किस्कू सदल बल घटनास्थल पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को बुला खोजबीन करवा रहे हैं।

### विधायक कोटे की राशि से महापुरुषों की लग रही प्रतिमा : ओंकार नाथ



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी विधान सभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने लेस्ली गंज बाजार में प्रेस वार्ता कर कहा कि पांकी विधायक द्वारा महापुरुषों के प्रतिमा लगाने के नाम पर विधायक कोटे कि राशि निकली जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को केवल मूर्ति दिया जा रहा है। विधायक कह रहे हैं कि चंदा लगाकर प्रतिमा स्थापित करना है। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रतिमा लगाने के नाम पर गलत नहीं होनी चाहिए। प्रेस वार्ता में पार्टी के अरुण वर्मा, द्वारिका साहू, कौशल किशोर बच्चन, दिग्विजय पासवान, नागमणि मेहता, अमरेश सिंह शामिल थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय संढा को राज्य सरकार ने किया 10+2 में प्रोन्नत



**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य सरकार स्कूली शिक्षा विभाग ा विभिन्न जिला में कुल 166 उत्क्रमित उच्च विद्यालय को +2 के लिए प्रोन्नति दी, जिसमें हुसैनाबाद प्रखंड का संढा उत्क्रमित विद्यालय शामिल हैं। प्रभारी प्राध्यापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी अभिभावकों को सूचित किया गया है। नये सत्र 2024-2026 में हमारे विद्यालय में विज्ञान, कला व वाणिज्य संकाय में नामांकन दाखिल की परिक्रिया प्रारंभ कर दी गयी हैं। वैसे छात्र जो 2024 में मैट्रिक परीक्षा पास किये हैं वे 18 जून विद्यालय चलंत समय मे नामांकन फार्म भर सकते हैं। वंही उन्होंने बताया नामांकन दाखिल में पहले सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। बता दें कि जिला में कुल 14 स्कूलों को प्रोन्नति दी गयी है जिसमें हुसैनाबाद अनुमंडल में मोहम्मदगंज व हुसैनाबाद प्रखंड में मात्र एक संढा विद्यालय को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### मुखिया ने किया अस्पताल का उद्घाटन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम सगुना में एपेक्स अस्पताल खोला गया। मौके पर सगुना पंचायत की मुखिया मंजु देवी व समाजसेवी सुरेंद्र ने अस्पताल का उद्घाटन फीता काटकर किया। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम सगुना में अस्पताल खुलने से यहां के पास पड़ोस गांव के लोगों को ईलाज कराने में सहुलियत होगी। यहां के लोगों को इलाज कराने के लिए पाटन किशुनपुर व मेदिनीनगर शहर जाना पड़ता था लेकिन सगुना में अस्पताल खुलने से ग्रामीणों में उत्साह है। स्थानीय स्तर पर अस्पताल होने से लोगों का समय व पैसा दोनों बचेगा। मौके पर डॉ मजलूम हुसैन, अनुज सिंह, राकेश पांडेय, चंचल कुमार, रंजय सिंह, राजा बाबू भी मौजूद थे।

### डीएवी की नंदिनी को मिले 664 अंक



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी स्कूल की छात्रा नंदिनी कुमारी सुपुत्री परमानंद कुमार राय एवं सीता देवी को विद्यालय प्रांगण में उनकी शानदार सफलता हेतु सम्मानित किया गया। नंदिनी ने एनटीए द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित नीट परीक्षा 2024 में कुल 720 अंकों में से 664 अंक एवं 99 .19 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय, अपने माता-पिता सहित पूरे पलामू को गौरवांवित करने का काम किया है। विद्यालय प्रांगण में नंदिनी को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि नंदिनी की इस सफलता पर विद्यालय ही नहीं, पूरा पलामू हर्षित है। नंदिनी ने बताया कि इस विद्यालय से 12वीं कक्षा पास कर उसने घर पर ही तैयारी शुरू की। एनसीईआरटी के साथ-साथ रेफरेंस बुक्स का गहन अध्ययन कर उसने यह सफलता प्राप्त की। उसने कोचिंग संस्थानों के मकड़ जाल से खुद को अलग रखा तथा अध्ययन पर पूर्ण केंद्रित रह कर इस सफलता को प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के अन्य छात्र भी नंदिनी से प्रेरणा प्राप्त कर इस तरह की सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस विद्यालय के शिक्षक छात्रों को इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयार करने में कठिन परिश्रम करते हैं। छात्र शिक्षकों पर विश्वास रखा।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड जीत पर विधायक डॉ शशिभूषण ने किया खुशी का इजहार

- एक साल में सिलदिलिया व पूजा कंस्ट्रक्शन पर 5 प्रतिशत भी काम नहीं करने का आरोप
- पीएम के शपथ ग्रहण उपरांत झाल मजीरा के साथ पदयात्रा कर पूर्व विधायक के साजिश का करेंगे भंडाफोड़

## मेरा टैरिफ काम कर गया, विधायक को बदनाम और आमजनों को परेशान करने की साजिश रच रहे पूर्व विधायक : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने चतरा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के प्रचंड जीत पर खुशी का इजहार किया। शनिवार को नीलाम्बर पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस मे पत्रकारों से बात करते हुए बिधायक डॉ मेहता ने कहा कि चतरा विजय में पांकी बिधानसभा के मतदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ मतदान किया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कार्यकर्ताओं के साथ पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

**केंद्र सरकार के गठन के बाद रेलमंत्री से मिलेंगे विधायक :** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार के गठन के बाद मंत्रालय आवंटित होने के बाद वह तत्काल रेलमंत्री से मिलकर डालटनगंज चतरा हजारीबाग रेल मार्ग से जोड़ने की मांग पूरी मजबूती के साथ रखेंगे।

### नीलांबर पीतांबर में बड़े पैमाने पर हो रहा भूमि घोटाला

**अधिकारियों से मिल भू माफिया सरकारी जमीन करा ले रहे हैं बंदोबस्त**

पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखण्ड मुख्यालय में बड़े पैमाने पर भूमि घोटाला का मामला सामने आया है। भू माफियाओं द्वारा सीओ सीआई कर्मचारी का जाली हस्ताक्षर कर सरकारी भूमि का भी एलपीसी बनाकर जमीन खरीद बिक्री कर दें रहें। इसके बावजूद सरकारी अधिकारियों द्वारा दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जाना इस बात को साबित कर रहा है कि इस साजिश में सरकारी अधिकारियों की भी मिलीभगत है। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से लौटने के बाद वह इस मामले को लेकर पलामू उपायुक्त से मिलकर इस पूरे मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करेंगे। जरूरत पड़ा तो वह सड़क पर उतर कर आंदोलन भी करेंगे।

विधायक ने कहा कि चुनाव में पंचायतवार बाइक जुलूस और जनसंपर्क से बहुत बेहतर परिणाम मिला। विधायक डॉ मेहता ने पूर्व विधायक सह सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के संवेदक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह पर जनप्रतिनिधि को बदनाम एवं आमजनों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक को विकास विरोधी बताया। डॉ शशिभूषण ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र पीएमजीएसवाई के तहत एक साल पहले सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन एवं पूजा कंस्ट्रक्शन को लगभग सौ करोड़ की योजना आवंटित किया गया। लेकिन अफसोस की बात है कि एक साल बाद भी उस योजना 5 प्रतिशत भी काम नहीं हुआ है। काम नहीं होने से इस साल बरसात में लगभग 50 गांव के ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलना पड़ेगा। विधायक ने कहा कि वह पूर्व विधायक के साजिश को सफल नहीं होने देंगे। जल्द ही जिस इलाके में योजनाओं को बाधित रखा गया है उस इलाके में झाल मजिरा के साथ पदयात्रा कर पूर्व विधायक सह संवेदक द्वारा किए जा रहे साजिश का भंडाफोड़ करेंगे। पूर्व में जो मनमानी तरीके से काम किया जाता था अब वैसा नहीं चलेगा।

# पलामू के सभी स्कूलों के 100 मी के दायरे में लागू रहेगी निषेधाज्ञा

- युवाओं को नशे की लत से बचाने और स्कूली बच्चों के बचाव को लेकर बरती सख्ती
- यह निषेधाज्ञा सात के पूर्वाह्न 06 बजे से अगले 60 दिनों तक रहेगा प्रभावी
- स्कूल-कॉलेजों में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक को चलेगा जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल दंडाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा युवाओं को नशे की लत से बचाने और पलामू जिले के स्कूलों समेत सभी शैक्षणिक



जानकारी देते पलामू उपायुक्त शशि रंजन।

संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू किया जाता है। यह निषेधाज्ञा सात के पूर्वाह्न 06 बजे से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगा। राज्य सरकार से मिली गाइडलाइन के आलोक में यह निर्देश दिया गया।

साथ ही जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक के लिए जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

इसकी रोकथाम के लिए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश पर अनुमंडल दंडाधिकारी सदर ने कोटपा एक्ट के कंडिका-06 में वर्णित निषेधाज्ञा के तहत यह आदेश जारी करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद नहीं बेचेगा या बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री करने की अनुमति नहीं देगा।

### क्षेत्रीय अनुसंधान व प्रसार परामर्शदातृ समिति खरीफ कार्यक्रम आयोजित

# बिरसा कृषि विवि के पदाधिकारियों और कुलपति ने चियांकी प्रक्षेत्र का किया भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी में क्षेत्रीय अनुसंधान व प्रसार परामर्शदातृ समिति खरीफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र के सह निदेशक ने सभी वैज्ञानिक व किसानों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से आये कुलपति व पलामू, गढ़वा व लातेहार के अनुसंधान निदेशक व किसानों ने प्रक्षेत्र का भ्रमण किया।

प्रक्षेत्र में लगे सेव का निरीक्षण कर सराहना किया। संस्थान के निदेशक डा अखिलेश साह ने जलवायु परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। कहा कि धान की






कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग और उन्हें संबोधित करते अतिथि।

सिधि बुआई करें और सिधि धान की बुआई में किसान हाईब्रीड धान लगायें जिससे धान समय से लगाया जा सके व उत्पादन भी बेहतर होगा। बिरसा विवि के वैज्ञानिक डॉ नरगीस कुमारी ने कहा कि आंवला बगान में किसान अंतः फसल लगाकर दोहरी लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने अरहर के साथ अंतः फसल के बारे में विस्तार से बताया।

कहा कि किसान अरहर के साथ भिंडी लगाकर अधिक आमदनी कमा सकते हैं। बिरसा कृषि विवि के वैज्ञानिक डा मिंटु ने किसानों को प्रेभा के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि डोभा की सहायता से किसान एक से दो पटवन आसानी से कर सकते हैं। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक ई प्रमोद कुमार ने प्रक्षेत्र में लगे सेव व अमरूद के प्रयोग के बारे में बताया।

## विश्रामपुर : गरीब रथ एक्सप्रेस से गिरकर निमिया के किशोर की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत सीआई सेक्शन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को गरीब रथ एक्सप्रेस से गिरकर एक नाबालिक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। किशोर का शव पोल संख्या 308/24 के पास पाया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी गढ़वा रोड आरपीएफ सहित नौगढ़ा ओपी पुलिस को दी। घटनास्थल पर नौगढ़ा ओपी प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में सरकारी प्रक्रिया पूरा करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। मृत किशोर की पहचान गढ़वा जिला स्थित डंडा थाना के निमिया गांव निवासी किशुन चौधरी के पुत्र चंदन कुमार (15) के रुप में हुई है। मृतक के पिता किशुन चौधरी ने बताया कि चंदन का दिमागी हालत कुछ ठीक नहीं था। गुरुवार को वह अपनी बहन के शाहपुर स्थित ससुराल गया था। वहां से कब और कैसे वह लालगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा,इसकी कोई जानकारी किसी को नहीं है। यहां बताते चलें कि लालगढ़ गांव कोयल नदी किनारे है।

## पाटन वनों में पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई से पर्यावरण खतरे में

- वन रेंज ऑफिसर की बहाली नहीं होने से मनमानी कर रहे वन माफिया
- वनों का कटाई नहीं रोका गया तो करेंगे आंदोलन : संजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के वनों में पेड़ों की कटाई अंधाधुंध किया जा रहा है जिससे हरा भरा वन मैदान होते जा रहे हैं । साथ ही पर्यावरण खतरे में है। जलवायु परिवर्तन व तापमान में वृद्धि से भीषण गर्मी इसी का संकेत है। पाटन वन समिति अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पाटन के वन क्षेत्र सेमरी घाट, बलगाड़ा घाट, किसैनी घाट, पाटन वन क्षेत्र इन सभी जगहों से पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले हजारों पेड़ लगाए गए थे जिससे जंगल हरा भरा हो गया



था। पाटन रेंजर राम सुरत के रिटायर्ड होने के बाद एक साल पुर्व शंकर पासवान ने पदभार ग्रहण किया था। पदभार ग्रहण करने के बाद से वन क्षेत्र का कोई देख रेख नहीं किया जा रहा है जिससे लोग निर्भीक होकर जंगल के पेड़ को काट रहे हैं।

### टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर दिखेगा भारत-पाक मैच

**मेदिनीनगर।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 प्रोग्राम के तहत रविवार की रात 8 बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले इस मैच का आनंद मेदिनीनगर के शहरवासी भरपूर तरीके से उठा सकें इस हेतु मेदिनीनगर नगर निगम व जिला प्रशासन के तत्वाधान में न्यू टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच देखने की व्यवस्था की गयी है। सभी क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने आ सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 250 पास का वितरण भी किया जायेगा। वहीं 100 रूपये के शुल्क पर कॉम्प्लिमेंटरी ड्रिंक्स भी उपलब्ध रहेंगे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, कार्रवाई शुरू



**पाटन, पलामू।** पाटन सीओ दीपक मिश्रा एवं थाना प्रभारी लालजी बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर किशुनपुर ओपी ले आये। थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह में अमानत नदी घाट से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जा रहा था, उसी क्रम में ट्रैक्टर को जब्त किया गया तथा आगे की कारवाई हेतु खनन विभाग को भेजा जायेगा। पाटन में बड़े पैमाने पर अवैध बालू के धंधे पर थाना प्रभारी एवं सीओ लगातार छापामारी कर रहे हैं। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि ट्रैक्टर खामही गांव का है, जो पाण्डेय पुरा सहदेवा के बीच पकड़ा गया है।

### चैनपुर के खोहरी गांव में मिला युवक का शव



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदुआ पंचायत के खोहरी गांव से पुलिस ने शनिवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त शाहपुर निवासी पिता गोल्डन चंद्रवंशी के पुत्र लक्की चंद्रवंशी (22) के रूप में हुई है। युवक के सिर में गंभीर रूप से जख्म के निशान थे। परिजनों ने बताया कि लक्की शुक्रवार की शाम घर से निकला था। शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोगों ने देखा तो स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। उक्त मामलें को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि मौत कैसे हुई इसकी सटीक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि पुलिस जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। अबतक मृतक के परिजनों द्वारा भी थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। बंधुआ में एक व्यक्ति का शव मिला जिसका पहचान नहीं हो पा रहा है।

## स्कूल में संदिग्ध अवस्था में प्रभारी प्राचार्य का शव बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल के प्रभारी प्रचार्य का शव संदिग्ध स्थिति में पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव बरामद होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। समाचार के अनुसार छतरपुर थाना क्षेत्र के तेलारी पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय चुरवाही के प्रभारी प्रचार्य जीतन सिंह प्रतिदिन स्कूल में ही सोते थे। उनका घर स्कूल से कुछ ही



दूरी पर है। जीतन सिंह अपने खेत की रखवाली करने के लिए रात में स्कूल में ही सोते थे। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की भी रात जीतन सिंह खाना खाने के बाद स्कूल में सोने चले गये थे।

### पांकी के डाक बंगला भवन में युवक का मिला शव

**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने शनिवार को डाक बंगला के समीप एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान पुरानी गांव निवासी सोनू ठाकुर पिता रघुनाथ ठाकुर सैलून संचालक उम्र लगभग 22 वर्ष के रूप में की गयी है। मामले की जानकारी होने के बाद पांकी थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शव के गले में गहरे निशान होने की वजह से उसकी मौत को लेकर तरह-तरह के कयास लगाया जा रहा है।

## सदर अस्पताल में मरीजों को सभी सुविधा मिलनी चाहिए : राजेंद्र सिन्हा

- मरीजों से जाना अस्पताल का हाल, पानी का अभाव झेल रहे मरीज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा अपनी पुत्री इलाज कराने के क्रम में सदर अस्पताल गए थे, जहां की व्यवस्था देख उन्हें काफी निराशा हुई। सदर अस्पताल के इमरजेंसी में तीन डाक्टरों की बैठने की व्यवस्था है, परंतु वहां सिर्फ एस.ओ.डी और पी.ओ.डी मौजूद थे परंतु जूनियर रेजिडेंस मौके पर उपस्थित नहीं थे। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने इन पर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। अन्य मरीजों से उन्होंने हाल चाल भी लिया। उसी क्रम में मरीज काफी हताश और निराश नजर आए। मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं से उन्हें अवगत कराया और अस्पताल प्रबंधन की शिकायत भी की। श्री सिन्हा ने तुरंत उपायुक्त और अस्पताल अधीक्षक से बात दूरभाष पर की और मरीजों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया।

### नवाह्न परायण यज्ञ में बोहिता मुखिया ने किया कथा मंच का उद्घाटन

# मानस पाठ के श्रवण से कृतार्थ होता है मानव जीवन : कलावती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी गांव में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के कथा मंच का उदघाटन बोहिता पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया कलावती देवी ने कहा कि भगवान श्री राम सनातन धर्म के लोगों का आराध्य हैं। भगवान श्री राम के सत्य मार्ग और आदर्श को अपना कर ही सुंदर जीवन जीने की कल्पना की जा सकती है।



कार्यक्रम के दौरान व्यास मंच पर उपस्थित लोग।

उन्होंने कहा कि मानस पाठ के श्रवण से मानव जीवन कृतार्थ होता है। इसलिए धार्मिक अनुष्ठान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की प्राप्ति होती है इसलिए समय-समय पर अनुष्ठान होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोमड़ी जैसे गांव में इस तरह का धार्मिक अनुष्ठान होने से आसपास के गांव के लोगों में धर्म के प्रति काफी उत्सुकता बढ़ रही है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता लाल बिहारी प्रसाद ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान में हम सबों को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए ताकि अनुष्ठान पूर्ण हो सके। महायज्ञ के दौरान उत्तर प्रदेश झांसी से आयी मानस पाठ कोकिला माधुरी माला ने श्रद्धालुओं को रामचरितमानस पाठ का रसपान कराया।

# विलंब से खुलता है आंगनबाड़ी केंद्र

### सगुनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालन में सेविका बरत रही है लापरवाही

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुनी आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 121 में सेविका द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्र को प्रतिदिन विलंब से आठ से नौ बजे खोला जाता है। उस केंद्र में बच्चों की उपस्थिति नगण्य पायी गयी। आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका नदारद पायी गयी। वहीं सहायिका रीता देवी से इस संबंध में पुछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सेविका सोनी देवी मेदिनीनगर में रहती हैं। केंद्र लगभग खुलता नहीं है और सेविका लगातार विलंब से केंद्र में आती है। केंद्र में बच्चे नहीं आते हैं। वहीं केन्द्र के दीवार पर बच्चों के लिए




पाटन के सगुनी का आंगनबाड़ी केंद्र।

कोई मेनु अंकित दर्ज नहीं था। पाटन प्रखंड में ऐसे कई आंगनबाड़ी केंद्र हैं जो समय पर खुलते नहीं है एवं सेविका गायब रहती है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा कोई जांच नहीं किया जाता है। इस कारण आंगनबाड़ी केंद्र अपनी मनमानी से चल रहे हैं। इस पर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। विभाग कर्मी की मिलीभगत से कई आंगनबाड़ी केंद्र मनमानी तरीके से चल रहे हैं।

# मोदी कैबिनेट में बिहार से 7-8 सांसदों को मिल सकती है जगह, एक जाति से एक मंत्री फॉर्मूला

एजेंसी



**पटना।** बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको देखते हुए, मोदी कैबिनेट 3.0 में जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखते हुए बीजेपी, जेडीयू, लोजपा रामविलास और हम से केंद्रीय मंत्री बनाए जाएंगे। नरेंद्र मोदी कैबिनेट 3.0 में औसतन चार सांसदों पर एक मंत्री बनाए जाने पर चर्चा चल रही है। इस फॉर्मूले के आधार पर एनडीए को 30 सीटें जीतने वाले राज्य बिहार से 7-8 सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी, जेडीयू, लोजपा रामविलास और [illegible] से कैबिनेट में शामिल किए जाने वाले सांसदों को लेकर गहन मंथन चल रहा है। इसमें जातिगत समीकरणों का खास तौर पर ध्यान रखा जाएगा। बताया जा रहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार से एक जाति से एक केंद्रीय मंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह, राज्यसभा सांसद संजय झा के अलावा लोकसभा सांसद रामनाथ ठाकुर और सुनील कुमार कुशवाहा के नामों की चर्चा हो रही है। ललन सिंह का नाम पिछली मोदी कैबिनेट में भी मंत्री बनने की रेस में था लेकिन आरसीपी सिंह के आने से उनका पत्ता कट गया था। इस बार उन्हें मौका मिल सकता है। ललन सिंह भूमिहार जाति से आते हैं। अगर उन्हें मोदी कैबिनेट 3.0 में जगह मिलती है तो जेडीयू या बीजेपी के किसी अन्य भूमिहार नेता के मंत्री बनने के आसार कम हैं। भूमिहार समाज से बीजेपी के गिरिराज सिंह और विवेक ठाकुर का नाम भी प्रमुख है। इसी तरह अति पिछड़ा समाज से रामनाथ ठाकुर और कोइरी जाति से सुनील कुमार कुशवाहा को मंत्री बनाया जाता है, तो बीजेपी से पिछड़ा और सवर्ण जातियों से मंत्री बनाए जाएंगे। बीजेपी से राजपूत समाज से आने वाले राजीव प्रताप रूडी या जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के नाम की चर्चा है। वहीं, ब्राह्मण समाज से बीजेपी के गोपालजी ठाकुर या राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इस समाज से जेडीयू के संजय झा का नाम भी चर्चा में है। यादव समाज से बीजेपी के नित्यानंद राय का नाम सबसे आगे चल रहा है।

केंद्रीय मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह रविवार शाम को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होना है। ऐसे में बिहार से बीजेपी, जेडीयू एवं अन्य दलों से कौन-कौन मंत्री बनेगा इस पर 24 घंटे के भीतर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। बता दें कि बिहार में बीजेपी, जेडीयू समेत सभी दलों की नजर अब विधानसभा चुनाव पर टिकी है। विपक्षी दल आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान रोजगार के मुद्दे पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस कारण चुनाव खत्म होते ही नीतीश के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने बिहार में 10 लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य पूरा करने के लिए ताबड़तोड़ बहाली निकालना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव में एनडीए की सफलता को देखते हुए नीतीश कुमार जल्द से जल्द बिहार विधानसभा का चुनाव कराने पर भी विचार कर रहे हैं।

## लोकसभा में कौन होगा जेडीयू का नेता, नीतीश लेंगे सभी फैसले

इसी तरह दलित समाज से लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान के मंत्री बनने के आसार नजर आ रहे हैं। महादलित समाज से आने वाले पूर्व सीएम एवं हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी का नाम चर्चा में है। इसके अलावा मल्लाह जाति के भी एक नेता को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है।

## बढ़ती गर्मी के कारण 17 तक विद्यालय बन्द

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की बैठक शनिवार को आरकेवीएस संस्थान में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य एवं बढ़ती गर्मी के मद्देनजर सर्वसम्मति से जूनियर सेक्शन कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक अध्यापन कार्य 17 जून तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने बताया कि कक्षा छठी से 12वीं तक निर्धारित तिथि 10 जून (सोमवार) से अध्यापन कार्य संचालित होगा। सभी विद्यालय का अध्यापन कार्य सुबह 6:30 से पूर्वाह्न 10 बजे तक होगा। बैठक में अभिभावकों से अपील की गई है कि वे सभी अपने बच्चों को बढ़ती गर्मी में खासतौर पर दोपहर में अन्यत्र कहीं भेजने में परहेज करें। स्कूल भेजने के दौरान उनके स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाए। स्कूल भेजने के क्रम में उनके साथ आवश्यक होममेड नास्ता, ग्लूकोज-पानी, तौलिया के साथ भेजें तथा उन्हें आवश्यक एतिहायत बरतने का निर्देश भी दें। जूनियर वर्ग के बच्चों के अभिभावक नियमित विषय से संबंधित सिलेबस का अभ्यास भी कराएं जिससे वे बच्चे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े रहें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जैसे ही मौसम में अनुकूलता आएगी पुनः सूचना जारी किया जाएगा। मौके पर सचिव मदन प्रसाद केशरी, सह सचिव संजय सोनी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, कार्यकरिणी सदस्य चंद्र भूषण सिन्हा आदि मौजूद थे।

# पेज एक का शेष

## भारत-पाक महामुकाबला ...

पाकिस्तान की राह कठिन : हालांकि, पाकिस्तान के लिए आगे का रास्तो थोड़ा कठिन दिख रहा है। अगले राउंड यानी सुपर-आठ में पहुंचने के लिए उन्हें अपने आगामी तीनों मैच जीतने होंगे। वहीं, भारत के पास एक मैच के बाद दो अंक हैं और उसका नेट रन रेट काफी बढ़िया है। ग्रुप-ए के इस मैच में हार पाकिस्तान की राह और मुश्किल कर देगा, क्योंकि अमेरिका ने दो में से दो मैच जीते हैं। एक और जीत अमेरिका को सुपर-आठ राउंड में पहुंचा देगी। वहीं, भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान के अधिकतम चार अंक ही हो पाएंगे।

**भारत का रिकार्ड शानदार :** भारत का टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड है। दोनों टीमें 2007 से लेकर अब तक इस टूनामेंट में सात बार बिड़ी हैं। छह बार भारत ने और एक बार पाकिस्तान की टीम ने जीत हासिल की है। ओवरऑल टी20 में दोनों टीमों के बीच 12 मुकाबले हुए हैं। आठ बार भारत ने और तीन बार पाकिस्तान ने जीत हासिल की है। यानी टीम इंडिया ने 12 में से कुल नौ जीत हासिल की है। अगर ओवरऑल टी-20 रिकॉर्ड की बात की जाये तो भी भारत-पाक के बीच कुल 12 में से नौ बार दूसरी दफे बैटिंग करने वाली टीम को ही जीत मिली है।

**टॉस क्यों अहम ;** कारण नंबर 1- अमूमन टी-20 फॉर्मेट में अधिकतर मुकाबले रात में शुरू होते हैं, जहां सेकंड बैटिंग करने वाली टीम को ओस के कारण फायदा मिलता है क्योंकि गेंद गीली होने की वजह से बॉलर न तो ग्रिप बना पाता है और न ही गेंद पर कंट्रोल रख पाता है, ऐसे में बल्लेबाज खराब गेंदों पर खुल के शॉट्स खेलते हैं। वैसे 9 जून को होने वाला भारत-पाकिस्तान मैच स्थानीय समयानुसार दिन में खेला जायेगा, लेकिन क्ऱळ के मुताबिक भारत में रात 8 बजे से शुरू होगा।

## नयी कैबिनेट में दिखेगी ...

**कई विभागों के मंत्री बने रहेंगे :** गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें। उल्लेखनीय है कि मोदी ने शुक्रवार को ही इस बात का संकेत दिया कि 10 वर्ष तक सरकार चलाने का उनका और उनकी टीम के अनुभव का अब देश को अगले पांच वर्ष तक पूरा लाभ मिलेगा। सरकार तेजी से काम करेगी। भारत की जो वैश्विक छवि बनी है, उसका अधिकतम लाभ अब शुरू होगा।

**युद्ध स्मारक, राजघाट,सदैव अटल जायेंगे मोदी :** रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, बापू की समाधि राजघाट और सदैव अटल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी सुबह साढ़े सात बजे इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाएंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस मौके पर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद रहेंगे।

**नायडू और नीतीश बने हैं किंगमेकर :** भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर सकी है, पर एनडीए गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया। सरकार बनाने में चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार किंगमेकर के रूप में उभरे। हालांकि अब दोनों नेता कैबिनेट को लेकर भाजपा से अपनी मांगे मनवाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

## सोनिया सर्वसम्मति से फिर ...

श्रीमती गांधी लोकसभा में कांग्रेस के नेता को नामित करेंगी। सीडब्लूसी की बैठक में राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग का प्रस्ताव पास कर दिया गया। इस पर जल्द ही फैसला लिया जायेगा।

**बैठक में कई प्रस्ताव :** कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक करीब 3 घंटे चली और इस बैठक में कई अहम प्रस्ताव पर चर्चा हुई और कई प्रस्ताव पास किये गये। लोकसभा में पार्टी संसदीय दल का नेता ही नेता प्रतिपक्ष होगा। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीती हैं। कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। बैठक में पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के योगदान की सराहना भी की गयी और इसको लेकर एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में खड़गे ने इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों की सराहना की। सभी एक स्वर में साथ रहे। वे आम जनता के सरोकार के मुद्दे हैं। इसलिए वे हमेशा हमारी ध्यान में रहेंगे। संसद और संसद के बाहर जनता के इन सवालों को उठाते रहेंगे।

**जनादेश के लिए आभार :** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में सभी नेता मौजूद थे। उन्होंने जनता को धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे देश के लोगों को इस लोकतंत्र को बचाये रखने, इस गणतंत्र के संविधान की रक्षा करने और सामाजिक-आर्थिक न्याय को बढ़ाने के लिए इतने शक्तिशाली जनादेश के लिए बहुत बहुत बधाई है। ये जनादेश न केवल पीएम मोदी की राजनीतिक हार है, बल्कि उनकी नैतिक हार भी है। उन्होंने अपने नाम पर जनादेश मांगते हुए झूठ, नफरत, पूर्वाग्रह, विभाजन और अत्यधिक कट्टरपंथी अभियान चलाया था। । उन्होंने कहा कि उन राज्यों में कमियों को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाये जायेंगे, जहां पार्टी को और बेहतर नतीजों की उम्मीद थी, लेकिन जहां वह पूरी नहीं हुई।

## जेल में हेमंत से मिले ...

जिन विभागों की समीक्षा की जायेगी, उनमें पंचायती राज्य विभाग, अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, शामिल है। इसके साथ ही सीएम स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, परिवहन विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे।

## रामोजी ग्रुप के...

पद्म विभूषण से सम्मानित, वे इसलिए सफल हुए क्योंकि उनका दृष्टिकोण अनिवार्य रूप से समाज में निहित था। इस उद्योग में उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा. उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने शोक जताया।

# स्पीड न्यूज

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कर्मी की प्रतिनियुक्ति

**भवनाथपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने के उद्देश्य से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कर्मी की प्रतिनियुक्ति की है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अरंगी में एएनएम सविता कुमारी, बंखेता में एएनएम सरोज देवी, एमपीडब्लू पिंटू कुमार गुप्ता, मकरी में सीएचओ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा, एएनएम सीमा कुमारी, एमपीडब्लू उपेंद्र साह, बिजडीह में एएनएम राजकुमारी, कधवन में सीएचओ विपिन कुमार शर्मा, खरौंधी में सीएचओ रेणु बैजंती खलखो, हरिहरपुर में सीएचओ कमल सिंह सैनी, कैलान में सीएचओ अंकित कुमार त्रिवेदी, एमपीडब्लू मनोज राम, एएनएम मीना कुमारी, रोहिनियां में सीएचओ जितेंद्र कुमार वर्मा, एमपीडब्लू सत्यनारायण सिंह, एएनएम सुषमा कुमारी, बंखेता सिसरी में सीएचओ अविनाश कुमार सुधांशु, एएनएम किरण कुमारी, केतार में सीएचओ राधा रितु कुमारी, एमपीडब्लू मनोज कुमार पाठक, एएनएम पबिता कुमारी, रपूरा में सीएचओ प्रतिमा कुमारी, एएनएम सुलेखा हेमंती कुजूर, चैरीया में सीएचओ सवाई राम, एएनएम संगीता कुजूर, डुमरसोता में सीएचओ पवन कुमार, एमपीडब्लू विकास कुमार चंदेल, एएनएम सविता कुमारी, चैबे मझिगावां में एएनएम हन्ना तिर्की, परती में सीएचओ भावेस कुमार, एमपीडब्लू विद्यानंद प्रजापति, राजी में सीएचओ अंजली कुमारी, एएनएम रंजू कुमारी, कोनमंडरा में सीएचओ महावीर बारूपाल, एएनएम अंचला कुमारी, एमपीडब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद, अमरोरा में सीएचओ विनीता कुमार, एएनएम चंचला कुमारी को प्रतिनयुक्त किया गया है।

## सारण : दहेज की मांग को लेकर युवती की हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक युवती की जहर खिलाकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रामदस चक गांव निवासी विश्व मोहन सिंह की पत्नी निधि सिंह (26) के भाई ने पुलिस को सूचना दी है कि उनकी बहन की हत्या उसके ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जहर खिला कर दी है।

## सारण में लू लगने से अधिवक्ता की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र में लू लगने से एक अधिवक्ता की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि नंदनपुर गवन्द्री गांव निवासी अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह (59) व्यवहार न्यायालय से काम समाप्त कर मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहें थे। इसी दौरान वह बीच रास्ते में गिर गये। उनके साथ चल रहे अन्य अधिवक्ताओं ने अशोक कुमार सिंह को उठा कर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पप्पू यादव का तेजस्वी यादव पर निशाना कहा

# बिहार के युवराज में अहंकार नहीं होता तो 25 सीटें जीतते

एजेंसी

**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव 2024 में महागठबंधन के 40 में से 30 सीटें हारने पर पप्पू यादव ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया है। पप्पू ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने के लिए दिल बड़ा करना होगा। लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में महागठबंधन को एनडीए से मिली हार का ठीकरा पप्पू यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव पर फोड़ा है। पप्पू यादव ने तेजस्वी का नाम लिए बिना कहा कि बिहार के युवराज के भीतर अगर अहंकार नहीं होता तो महागठबंधन 25 सीटें जीतता। अहंकार के कारण बिहार की दुर्गति हो गई। उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम को यह भी नसीहत दी है कि वे मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं, तो दिल बड़ा करना होगा। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद चुने गए पप्पू यादव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि एक व्यक्ति के चलते महागठबंधन अररिया, सुपौल, मधेपुरा, दरभंगा, मधुबनी जैसी सभी सीटें हार गया। सीतामढ़ी और शिवहर लोकसभा हारने का भी कोई मतलब नहीं होता था। सीवान में भी यही किया गया। बेगूसराय में अगर कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को लड़ाया जाता तो अलग परिस्थिति होती। बिहार और दिल्ली के कारण राहुल गांधी पीएम नहीं बन पाए।

## बिहार महिला कबड्डी लीग में सुपौल की मालविका बिखरेगी ठाकुर जलवा

एजेंसी

**सुपौल।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना द्वारा बिहार में पहली बार 10 से 16 जून तक बिहार महिला कबड्डी लीग का आयोजन पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग पटना में किया जा रहा है। जिला कबड्डी संघ के सचिव मो इनायत ने बताया कि प्रो कबड्डी की तर्ज पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है इसमें बिहार से कुल छः महिला टीम सारण स्ट्राइकर सिवान टाइटंस, नालन्दा निंजस, मगध वारियर्स, सीतामढ़ी सेंटीनेल्स पटना पेलिकेन्स की टीम भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में स्थानीय मेला रोड सुपौल निवासी विमलेन्दु ठाकुर की पुत्री मालविका सारण स्ट्राइकर की ओर से अपने खेल का जलवा बिखेरेंगी। मालविका का चयन होने पर कुणाल आनंद अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ,रमेश कुमार उपाध्यक्ष, जिला कबड्डी संघ, सर्वेश झा सचिव जिला एथलेटिक्स संघ, सुमन सिंह फुटबाल संघ, सुनील कुमार यादव कुस्ती संघ, तरुण झा, वॉलीबॉल संघ बादल मिश्रा खोखो संघ दीपिका झा पूर्व नेशनल कबड्डी खेलाड़ी, अशोक कुमार गुप्ता, कुमार दीपक, रौशन कर्ण, मो सज्जाद, रौशन झा संदीप कुमार आदि ने बधाई दी है।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढवा को इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी की मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने सत्र 2024-25 से बाबू दिनेश सिंह विष्वविद्यालय, गढ़वा को इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, प्रबंधन एवं कंप्यूटर संकाय अंतर्गत कई माध्यमों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) के अंतर्गत स्नातक विषयों में आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, साइबर सिक्यूरिटी, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ ही प्रबंधन पाठ्यक्रम में बीबीए, एमबीए सहित कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) एवं स्नातकोतर में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) पाठ्यक्रम की पढ़ाई की अनुमति दी गई है। झारखण्ड राज्य का यह पहला निजी विष्वविद्यालय है जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2024-25 के लिए सभी पाठ्यक्रमो को मिलाकर 1200 सीटो पर नामांकन के लिए अनुमति प्रदान की गई है। बता दें कि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक, 2022, दिनांक 17 फरवरी 2023 को झारखण्ड सरकार द्वारा अधिसूचित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय (बीडीएसयू) अस्तित्व में आयी। इसके पूर्व वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयो से संबद्धता प्राप्त कर कई पाठ्यक्रमो का संचालन गत 18 वर्षो से किया जा रहा है। बाबू दिनेश सिंह विश्विद्यालय द्वारा गढ़वा जिला एवं पलामू प्रमंडल के छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर गुणवतापूर्ण शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी बेहतर शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह के दूर दृष्टि का ही परिणाम है कि आज डेंटल परिसर एक विश्वविद्यालय के आकार में स्थापित होकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान प्रदान कर रही है। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट इकेनण्ंबण्पद पर लॉगिन कर सकते हैं।

## डीडीसी से पंचायत सचिव को प्रभार दिलाने की मांग

▸▸ वर्तमान पंचायत सचिव को प्रभार नहीं देने से पंचायत स्तरीय सभी विकास कार्य प्रभावित हो रहा है

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर पंचायत सचिव को प्रभार दिलाने की मांग की है। मुखिया ने दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि महीना पूर्व भवनाथपुर प्रखण्ड अंतर्गत मकरी पंचायत के पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह का स्थानांतरण हो गया है। स्थानांतरण उपरान्त वर्तमान पंचायत सचिव को प्रभार नहीं देने से पंचायत स्तरीय सभी विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही 15वीं वित्त से दर्जनों कार्य कराया गया है जिसका भुगतान नहीं होने से आगे का कार्य काफी प्रभावित है। भुनेश्वर सिंह को अनेकों बार इस संबंध में मौखिक रूप से बोला गया जो टाल-मटोल करते आ रहे हैं। भुनेश्वर सिंह अपने कार्यकाल में भी पंचायत स्तरीय कार्य का निष्पादन समय से नहीं कर रहे थे जिससे कार्य लम्बित पड़ा है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। बावजूद अभी तक सम्पूर्ण प्रभार नहीं दिलाया गया है।

# मझिआंव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला को पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के वरछाबांध गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर भसुर ने भवह की जमकर पिटाई कर दी। जिसमे बरछा बांध गांव निवासी बुद्धि यादव के 45 वर्षीय पत्नी लालती देवी बुरी तरह घायल हो गई। जिसके बाद परिजनों ने घायलावस्था में लालती देवी को मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया। जहां से महिला के पैर के अलावे शरीर की अन्य अंगों में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल लालती ने बताई कि मेरे भसुर विक्रमा यादव के बैल का तबियत पिछले लगभग दो माह पहले से खराब था। जिसका इलाज भी चल रहा था। शुक्रवार शाम को बैल की मौत हो गई। उसके पश्चात विक्रम अपने परिजनों के साथ मरे हुए बैल को मेरे दरवाजे पर ले आए और गाली गलौज करते हुए उन लोगों ने बोला कि तुम डायन हो। आखिरकार तुमने मेरे बैल को खा हो गई। इस मरे हुए बैल को भी खाओ। इसके बाद विक्रम उनकी पत्नी सप्ती देवी, पुतोह रीमा देवी एवं उषा देवी गुस्सा में मेरे घर में घुसकर लाठी डंडे से पीटते हुए पटक पटक कर मारने लगे। उपरोक्त लोगों ने मेरे अलावा मेरे 13 वर्षीय पुत्र गुड्डू यादव की भी पिटाई कर दी, जिस कारण गुड्डू के दाहिना आंख गंभीर रूप से जख्मी हो गया।



घायल लालती देवी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में भारी अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के डेढ़ दशक पुराने भवन का करोड़ो रुपए की लागत से हो रहे जीणोर्धार निर्माण में संवेदक के द्वारा काफी अनियमतता बरते जाने का मामला प्रकाष में आया है। उक्त जीर्णोद्वार योजना में अधूरे पड़े पुरानी भवन को ही मरमति कार्य करना है, जिसमें दोयम दर्जे की नदियों का बालू लाकर निर्माण कार्य में धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। इतनी गर्मी में भी कार्य के बाद निर्माण के दौरान पानी की तराई समय पर नहीं होने से दीवारों के बालू सूखकर झड़ने लगे है। एक तो डेढ़ दशक पुराना भवन है, जिसमे प्लास्टर, खिड़की, दरवाजे, फर्श का निर्माण कार्य चल रहा है। अधिकतर बाहरी मिस्त्री और मजदूर कार्य में लगे है, जो सबसे बड़ी बात है। वर्षो पुराने कई भवनों को जमींदोज कर उसमें से निकले पुराने ईट और छड़ को जीणोर्धार कार्य में लगाया जा रहा है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जीणोर्धार कार्य से उक्त भवन को कितना मजबूती मिलेगी और टिकाऊ होगा। जानते चले कि अस्पताल परिसर के भवन जीर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास वर्तमान सांसद बीडी राम और विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा बीते 11 नवंबर 2023 को किया गया था। जबकि उक्त अस्पताल भवन का निर्माण भी विधायक सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के ही कार्यकाल में शुरू कराया गया था, जो अधूरा रह गया था। विधायक भानु प्रताप शाही के काफी लंबे प्रयास के बाद उक्त भवन का



स्वास्थ्य केंद्र में लगी पुरानी ईट।

# विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पर लगाया पैसे उगाही करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अमल राय पर बिजली उपभोक्ताओं ने पैसे उगाही करने का आरोप लगाया है। उपभोक्ता शारदा गांव के बलराम बैठा, रामजी सिंह, मानिकचंद बैठा, नागेश्वर बैठा, सहित कई उपभोक्ताओ से पैसे की वसूली की गई है। सभी उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली विभाग के जेई अमल राय द्वारा अवैध रूप से बिजली जलाने के नाम पर दो हजार रुपए की वसूली की जाती है। जो बिजली चोरी में पकड़े जाते हैं उनसे दो हजार रूपए लेकर नाम काट देते हैं। कई जगह तो बिजली कनेक्शन के नाम पर पैसे की उगाही करते ही थे लेकिन कई ऐसे ग्रामीण भी हैं जो मोटर एवं बिजली जलाने के एवज में 2000 रुपए की वसूली किया है। वहीं बिजली उपभोक्ता के घर में लगे बिजली मीटर के नहीं होने पर बकाया की बात कहकर सभी उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग द्वारा केस करने की धमकी भी दिया जाता है। कुछ उपभोक्ता ऐसे भी हैं जो रात के अंधेरे में मोटर चलाते हैं, उनसे वह मोटर चलाने के एवज में पैसे की उगाही करते हैं और पैसे नहीं देने पर उनके मोटर को जप्त कर लिया जाता है। विभाग की लापरवाही कहें या अधिकारी की मिलीभगत एक बिजली विभाग का राजस्व का नुकसान हो रहा है। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने कहा कि कनीय अभियंता द्वारा बोला जाता है कि जो काम करना है वह कीजिए और दो हजार रुपए दीजिए। ग्रामीणों ने आवेदन बनाकर बिजली विभाग के वरीय अधिकारी को देने की बात कही है। इस संबंध में पूछे जाने पर बिजली विभाग के प्रभारी कनीय अभियंता अमल राय ने बताया कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप बिल्कुल निराधार व गलत है। मैं किसी प्रकार का पैसा बिजली उपभोक्ताओं से नहीं लिया हूं।

# नीट यूजी ग्रेस मार्क्स की जांच के लिए समिति गठित

## 1500 से अधिक उम्मीदवारों के अंकों की होगी समीक्षा

एजेंसी

- एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट पेश करेगी चार सदस्यीय समिति
- 67 ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे
- प्रश्नपत्रों के गलत वितरण से 16,000 अभ्यर्थी प्रभावित



**नयी दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है। यह समिति केंद्र से रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज सहित समय की बर्बादी के विवरण पर गौर करेगी। समिति में यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद शामिल हैं। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उसके बाद फैसला लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण किया और नतीजे घोषित किए। 4,750 केंद्रों में से समस्या सिर्फ छह केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख उम्मीदवारों में से सिर्फ 1,600 उम्मीदवार प्रभावित हुए। पूरे देश में इस परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं किया गया। हमने अपने सिस्टम का विश्लेषण किया और पाया कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ।


एनडीए के डीजी ने कहा कि जिन नीट अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक दिए गए हैं, उनके परिणाम संशोधित किए जा सकते हैं, प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स मुद्दे की समीक्षा करने वाला पैनल एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि एनटीए ने 5 मई 2024 को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी। 14 विदेशी केंद्रों सहित यह परीक्षा 571 शहरों में 4750 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। 14 लाख 6 हजार उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। 4 जून को परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था।

## डेनमार्क की प्रधानमंत्री पर हमला, एक गिरफ्तार

**स्टॉकहोम।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार शाम कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। फ्रेडरिक्सन के घर से कुछ ही दूर हुए इस हमले से प्रधानमंत्री स्तब्ध रह गईं। कोपेनहेगन पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है, लेकिन इस पर और जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुक्रवार शाम को कोपेनहेगन के कुल्टोरवेट में प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर एक व्यक्ति ने हमला किया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक आदमी विपरीत दिशा से आया और प्रधानमंत्री के कंधे पर जोर से धक्का मारा, जिससे वह गिर गईं, लेकिन वो जमीन पर नहीं गिरी। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, उसकी पहचान और हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## स्पीड न्यूज

### 15 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म वेदा



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा, 15 अगस्त को रिलीज होगी। निखिल आडवाणी निर्देशित वेदा एक एक्शन से भरपूर फिल्म है, जो कि सच्ची घटनाओं से प्रेरित होकर बनाई गई है जॉन अब्राहम की इस फिल्म में दिल दहला देने वाले स्टंट और जबरदस्त एक्शन होंगे। दावा किया जा रहा है कि फिल्म की कहानी चौंका देने वाली होगी। फिल्म में जॉन अब्राहम के अलावा शरवरी, अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल चार कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने और आतंकी संगठनों से सम्बन्ध रखने के आरोप में चार सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में दो पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और जल शक्ति विभाग का एक कर्मचारी है। यह निर्णय भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के प्रावधान के उप-खंड (सी) के तहत लिया गया, जो सरकार को बिना किसी जांच के राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में ऐसी कार्रवाई करने का अधिकार देता है।

### एलन मस्क ने मोदी को तीसरी जीत पर दी बधाई

**वाशिंगटन।** एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी जीत पर बधाई दी मस्क ने भारत आने के भी संकेत दिए है। मस्क ने कहा कि उनकी कंपनी टेस्ला कुछ रोमांचक करने वाली है। एलन मस्क का इसी साल अप्रैल में भारत आने का प्रोग्राम था। लेकिन किसी कारण से यह यात्रा अंतिम समय में रद्द कर दी गई। रिपोर्टों में कहा गया था कि टेस्ला में बढ़ते दायित्वों के कारण मस्क को अपनी भारत यात्रा रद्द करनी पड़ी।

### यूक्रेन ने रूस में की बमबारी, 22 की मौत

**मास्को।** यूक्रेनी सेना ने रूस के खेरसॉन के सदोवोये गांव में एक स्टोर पर बमबारी की। इस हमले में कम से कम 22 नागरिक मारे गए। इसकी जानकारी क्षेत्र के गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, साल्डो ने बताया कि शुक्रवार को हमले के समय स्टोर के अंदर काफी संख्या में ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। हमला दो बार किया गया। पहला हमला एक फ्रांसीसी हवाई बम से किया गया, और दूसरा अमेरिकी हिमार्स मिसाइल से किया गया।

### काम में तेजी लायें मंत्री : योगी



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद योगी मंत्रिमंडल की शनिवार को पहली बैठक हुई। इस दौरान सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से उनके विभाग के कामकाज के बारे में जानकारी ली और राज्य में चल रही योजनाओं को और तेज गति से बढ़ाने के निर्देश दिए। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्य को उत्तम प्रदेश बनाने और गुड गवर्नेंस पर चर्चा की। सभी मंत्रियों को उनकी जिम्मेदारी का निर्वाह करने, प्रभार जनपदों और क्षेत्र पर ध्यान देने को कहा गया। विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मंगल ग्रह पर उतरेगा रोवर और हेलीकॉप्टर

## अब मंगलयान-2 मिशन की तैयारी में जुटा इसरो

एजेंसी

- प्रौद्योगिकी दिवस पर इस मॉडल को स्पेस एप्लीकेशन सेंटर में दिखाया गया
- आकाश क्रेन की मदद से सतह पर उतरेगा रोवर



**नयी दिल्ली।** भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो चंद्रयान और मंगलयान की सफलता के बाद अब मंगल ग्रह पर वापसी करने की तैयारी कर रहा है। इसरो पहले भी सफलता पूर्वक मिशन मंगलयान को पूरा कर चुका है। मंगलयान-2 मिशन के जरिए इसरो ने मंगल ग्रह की ऑर्बिट की स्टडी की थी। वहीं मंगल ग्रह के अगले मिशन से इसरो लाल ग्रह के और भी रहस्यों के बारे में पता लगाएगा। इस मिशन का लक्ष्य मंगल की सतह पर एक रोवर और हेलीकॉप्टर उतारना है। इस मिशन के मॉडल को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के मौके पर स्पेस एप्लीकेशन सेंटर पर दिखाया गया। अगर यह मिशन सफल रहा तो भारत अमेरिका और चीन के बाद मंगल पर यान उतारने वाला तीसरा देश बन जाएगा।

**खास तकनीक से उतरेगा :** मंगलयान-2 मिशन के तहत इसरो का रोवर एक नए तरीके से सतह पर लैंड करेगा। एयरबैग और रैंप जैसे पुराने तरीकों की बजाय इसरो एक खास आकाश क्रेन की मदद से रोवर को धीरे से मंगल की सतह पर उतारेगा। ये एडवांस आकाश क्रेन टेक्नोलॉजी ये सुनिश्चित करेगी कि सतह कितनी ही ऊबड़-खाबड़ क्यों न हो रोवर सुरक्षित और सही जगह पर उतरे। यह तकनीक शायद आने वाले बीस सालों में मंगल ग्रह पर मानव को उतारने के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती है।

**मिशन के लिए बन रहा सुपरसोनिक पैराशूट :** इस मिशन के लिए एक सुपरसोनिक पैराशूट भी बनाया जा रहा है। मंगल का वातावरण पृथ्वी के वातावरण से 1% ही घना है, इसलिए वहां पर सामान्य पैराशूट काम नहीं करते। यह सुपरसोनिक पैराशूट बहुत तेज गति पर खुल जाएगा, जिससे रोवर तेजी से नीचे आने की रफ्तार को कम कर सकेगा। इससे जमीन से टकराने पर पैदा होने वाला घर्षण भी कम होगा और रोवर सुरक्षित तरीके से उतरेगा।

अमेरिका ने 2021 में अपने रोवर को मंगल पर उतारने के लिए भी इसी तरह के पैराशूट का इस्तेमाल किया गया था। ये खास तरह का हेलीकॉप्टर है, जिसे मंगल ग्रह जैसे वातावरण में उड़ान भरने के लिए ही तैयार किया जा रहा है। मार्शियन बाउंड्री लेयर एक्सप्लोरर नाम की ये खास मशीन 100 मीटर की उड़ानों के दौरान मंगल के वातावरण का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिक उपकरण ले जाएगा। अगर यह सफल होता है, तो अमेरिका के इनजीनुअटी हेलीकॉप्टर के बाद मंगल ग्रह पर हेलीकॉप्टर उड़ाने वाला भारत दूसरा देश बन जाएगा और इस रेस में चीन को पीछे छोड़ देगा।

### पहले भेजा जायेगा कम्युनिकेशन सैटेलाइट

रोवर और हेलीकॉप्टर के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए इसरो मुख्य मिशन से पहले एक रिले कम्युनिकेशन सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह सैटेलाइट मंगल और पृथ्वी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगा, जिससे डेटा का निरंतर प्रवाह और मिशन कंट्रोल सुनिश्चित होगा। मंगलयान-2 को इसरो के अब तक के सबसे शक्तिशाली रॉकेट लॉन्च व्हीकल मार्क का उपयोग करके लॉन्च किया जाएगा। मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किलोमीटर दूर है और वहां पहुंचना कई महीनों का लंबा सफर होगा।



### असम के सीएम ने 11 सांसदों के साथ किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व सरमा ने 11 सांसदों के साथ शनिवार को रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सभी का मंदिर में स्वागत किया। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने पत्रकारों से कहा कि देश में लोकसभा की 543 सीटें हैं, कहीं हारेंगे कहीं जीतेंगे उसमें कोई इश्यू नहीं है। मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

### शपथ ग्रहण में नहीं शामिल होगी टीएमसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद सीएए निरस्त करने की मांग करेंगे। बनर्जी ने कहा कि देश बदलाव चाहता है। यह जनादेश बदलाव के लिए था। हम इंतजार कर रहे हैं और स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

# सपा संसदीय दल के नेता चुने गये अखिलेश

एजेंसी

अब केंद्र की राजनीति करेंगे और विधानसभा से देंगे इस्तीफा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शनिवार को पार्टी संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वह अब केंद्र की राजनीति करेंगे और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। अखिलेश मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में सपा के 37 उम्मीदवार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं। अखिलेश के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों ने उन्हें बधाइयां दीं। अखिलेश ने यूपी के मतदाताओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मनोभाव से कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। अखिलेश ने पत्रकारों से कहा कि सपा के सांसद जनता के हित में बात रखने का कार्य करेंगे और जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे। पीडीए की रणनीति पर अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक अर्थात पीडीए की रणनीति पर सपा कार्य करती रही और इसका परिणाम 2024 के चुनाव में हमें मिला है। अपने यहां दो प्रकार के सांसद हैं, जिन्हें सर्टिफिकेट मिला है और जो सर्टिफिकेट नहीं पा पाये हैं। ऐसे दोनों ही सांसदों को हम जीत की बधाई देते हैं।

करहल विधानसभा सीट से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा कि मैनपुरी में सपा की बहुत समय से पकड़ रही है और उसी का नतीजा है जो हमने वहां लोकसभा चुनाव जीता है। मुझे सपा सांसदों ने संसदीय दल का नेता चुना है। आगे की रणनीति के लिए चाचा शिवपाल सिंह यादव और प्रमुख नेतागण के साथ बैठकर विचार करेंगे।

# मोदी के शपथ ग्रहण में सात राष्ट्राध्यक्ष आयेंगे

### बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दिल्ली पहुंचीं



**नयी दिल्ली।** एनडीए के नेता नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे। उनके शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेता भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि समारोह में नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस और सेशल्स के नेता शामिल होंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द कुमार जुगनुथ, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे इस समारोह में शामिल होंगे। इन नेताओं का शनिवार से दिल्ली पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नेबरहुड फर्स्ट और सागर विजन क्रियान्वित करते हुए विदेशी मेहमान प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के अलावा ये नेता कल रात राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आयोजित भोज में भी हिस्सा लेंगे।

# हाईकोर्ट का नेहा राठौर पर दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार

- मप्र में संघ व भाजपा को बदनाम करने का मामला



**जबलपुर।** भोजपुरी गानों से भाजपा को घेरने वाले गाने से चर्चा में आई गायिका नेहा सिंह राठौर को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से झटका लगा है। हाई कोर्ट ने नेहा सिंह के खिलाफ दर्ज उस आपराधिक मामले को रद्द करने से मना कर दिया, जिसमें सीधी में घटी घटना पर आरएसएस को बदनाम करने का उन पर आरोप लगा है। दरअसल, नेहा सिंह राठौर ने आरएसएस के बारे में ट्वीट किया था। उसमें नेहा राठौर ने एक वायरल वीडियो लगाया, जिसमें दिखाया गया था कि मध्य प्रदेश के सीधी में एक आदिवासी मजदूर पर खाकी नेकर पहना व्यक्ति पेशाब कर रहा है। इसे लेकर नेहा पर यह आरोप लगा कि उन्होंने संघ के ड्रेस कोड के माध्यम से आरएसएस और भाजपा की तत्कालीन सरकार को बदनाम करने की मंशा से ये वीडियो वायरल किया। जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता (नेहा) द्वारा ट्विटर और इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया कार्टून उस घटना के अनुरूप नहीं था, जो घटित हुई थी।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, आधा दर्जन नक्सली ढेर

एजेंसी

- मारे गये सभी नक्सली 30 लाख के इनामी : आइजी
- 315 रायफल सहित, बंदूक एवं बीजीएल लांचर बरामद



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव सरहद में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए। इन दिनों एंटी नक्सल ऑपरेशन सघन रूप से चलाया जा रहा है। इसके तहत पांच जिले के सरहद में पुलिस की संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह माओवादी को मार गिराया गया इनमें से तीन वर्दीधारी महिला नक्सली एवं तीन पुरुष नक्सली शामिल है। जिनमें चार आठ लाख के इनामी नक्सली शामिल है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने शनिवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। आईजी बताया कि मारे गये सभी 06 नक्सली बड़े कैडर के 30 लाख के इनामी नक्सली हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद तलाशी की गई इस दौरान एक नग 303 एवं 315 रायफल सहित 12 बोर बंदूक एवं बीजीएल लांचर भी बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में तीन जिला रिजर्व के पुलिस जवान घायल हुए, जिनमें पुलिस उप-निरिक्षक कचरू राम कोर्राम, आरक्षक मंगलू राम कुमेटी तथा भारतसिंह को आज बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया हैं।

उन्होंने बताया कि मारे माओवादी मासिया उर्फ मेसिया मंडावी उम्र 32 वर्ष टीम कमांडर प्लाटून नं. 02 सेक्शन, 08 लाख का ईनामी, जयराम सलाम 05 लाख का ईनामी, रमेश कोर्राम डीप्टी कमांडर 08 लाख का ईनामी, सन्नी उर्फ सुंदरी 08 लाख के ईनामी, सजन्ती पोयाम 08 लाख का ईनामी तथा जननी उर्फ जन्नी 01 लाख का ईनामी शामिल है।

श्री सुन्दरराज ने बताया गया कि बस्तर संभाग में वर्ष-2024 में अभी तक कुल 71 मुठभेड़ हुये तथा 123 माओवादियों के शव एवं 136 हथियार बरामद किए गए। इसी प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल-399 माओवादी द्वारा शासन के समक्ष समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के लिये आत्मसमर्पण किया गया है।


**VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

**Verma's Today®**

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar- II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !